वर्ष- 21 अंक - 268 | citybIastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, रविवार 15 मार्च 2026



# रूस जाकर बैठ गए मोजतबा खामेनेई!

## रशियन प्लेन ने मिसाइलों के बीच से उड़ा लिया

**कुवैत.एजेंसी।** कुवैती अखबार अल जरीदा की एक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा को स्वास्थ्य और सुरक्षा कारणों से एक बेहद गुप्त अभियान में रूस ले जाया गया। उन्हें रूसी सैन्य विमान से मॉस्को पहुंचाया गया, जहां उनका ऑपरेशन किया गया और फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। हाल ही में यह खबर आई थी कि हमले में मोजतबा भी घायल हुए हैं और वे कोमा में भी चले गए हैं। ईरान ने इस खबर को खारिज करते हुए कहा कि मोजतबा ठीक है। उन्हें ट्रंप ने कहा कि मोजतबा जिंदा है या नहीं पता नहीं, लेकिन उन्हें सरेंडर कर देना चाहिए।

# ईरान के स्पेस रिसर्च सेंटर और एयर डिफेंस फैक्ट्री तबाह

## ईरान ने भी अमेरिकी ठिकानों पर किए हमले

**रविवार.एजेंसी।** जंग के बीच इजरायली डिफेंस फोर्सेस ने ईरान की राजधानी तेहरान और उसके आसपास के इलाकों में भीषण हवाई हमले कर ईरान का मुख्य 'स्पेस रिसर्च सेंटर' और एयर डिफेंस सिस्टम बनाने वाली एक बड़ी फैक्ट्री पूरी तरह तबाह कर दी। इजरायल ने ईरान के हवाई रक्षा तंत्र को बनाने वाली एक प्रमुख फैक्ट्री को भी ध्वस्त कर दिया। उधर ईरान ने यूएई, बहरीन और कुवैत में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया।



## ईरान ने कहा– नहीं झुकेंगे

भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने कहा कि ईरान लंबे समय तक युद्ध लड़ने के लिए तैयार है और अपने विरोधियों के सामने नहीं झुकेंगे।



## जंग के कारण दुबई में पसरा सन्नाटा

**दुबई.एजेंसी।** दुबई में रोज हजारों लोग देश-विदेश से पहुंचते हैं और यहां के नजारे देखने के साथ-साथ शॉपिंग भी करते हैं, लेकिन ईरान जंग के कारण यहां के तमाम बाजारों में सन्नाटा पसरा है। टूरिस्ट भी गायब हैं।

## अबू धाबी की सभी और दुबई की 5 फ्लाइट्स रद्द

**नई दिल्ली.एजेंसी।** खाड़ी देशों में चल रही जंग के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस की दुबई के लिए छह में से पांच उड़ानें रद्द कर दी गईं। केवल एक दिल्ली-दुबई रिटर्न फ्लाइट चलेगी। अबू धाबी के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस की सभी पांचों उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

## *भारत आ रहे गैस टैंकरों की सुरक्षा के लिए नौसेना के युद्धपोत तैनात*

### होर्मुज स्ट्रेट में फंसे हैं भारत के 22 जहाज

**नई दिल्ली.एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने भारत के दो एलपीजी गैस से लदे व्यापारिक जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने की अनुमति दी। अब इनकी सुरक्षा के लिए फारस की खाड़ी के पास भारत ने अपने नौसैनिक जहाज तैनात कर दिए हैं, जिससे जरूरत पड़ने पर भारतीय व्यापारिक जहाजों को सहायता दी जा सके। होर्मुज के पास भारत आने वाले 22 जहाज फंसे हुए हैं। इनमें से 6 जहाज में लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस यानी एलपीजी लदा हुआ है। चार जहाजों में क्रूड ऑयल है।

## न्यूज़ ब्रीफ...

### नीतीश ने महिलाओं से कहा- काहे भाग रही है

**सहरसा.एजेंसी।** सहरसा में हुए कार्यक्रम से नीतीश कुमार का एक दिलचस्प वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में नीतीश कुमार महिलाओं को रोकते हुए दिखाई दे रहे हैं। कुछ महिलाएं जनसभा छोड़कर बीच में से ही जाने लगी थीं। इसको देखकर नीतीश कुमार अपना आपा खो बैठे और कहा कि काहे भाग रही है। हम बंद कर दें।

### रेप करने वाले की मां को मार डाला

**शिवपुरी.एजेंसी।** शिवपुरी के रन्नौद कस्बे में एक आंगनबाड़ी सहायिका से कथित दुष्कर्म की घटना के बाद हालात अचानक हिंसक हो गए। पीड़िता के भाई द्वारा आरोपी युवक के घर पर हमला करने के दौरान उसकी मां की मौत हो गई।

### पाकिस्तान में कर्मचारियों की 30% तक सैलरी कट

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** जंग और तेल संकट के कारण पाकिस्तान में सरकारी कंपनियों और स्वायत्त संस्थानों के कर्मचारियों के वेतन में 5 से 30 प्रतिशत तक कटौती को सरकार ने मंजूरी दी है। सरकारी वाहनों के ईंधन में 50 प्रतिशत कटौती और 60 प्रतिशत वाहनों को दो महीने के लिए सड़कों से हटाने का फैसला हुआ है। मंत्रियों के दो महीने के वेतन और बोर्ड बैठकों की फीस को भी बचत में जोड़ा जाएगा, जबकि विदेशी यात्राओं पर रोक जारी रहेगी।

### होर्मुज के बाद अब बाब-अल-मंडेब भी होगा बंद, तेल संकट बढ़ेगा

**रविवार.एजेंसी।** ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते को बंद कर दिया जिससे गैस और तेल के जहाज अटके हुए हैं। अब यमन के हूती विद्रोहियों ने भी बाब-अल-मंडेब स्ट्रेट को ब्लॉक करने की धमकी दी है। अगर ऐसा होता है तो तेल और गैस का संकट यूरोप तक बढ़ जाएगा।

## 5 राज्यों के चुनाव की तारीखों का ऐलान आज

**नई दिल्ली.एजेंसी।** चुनाव आयोग आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों का पूरा कार्यक्रम जारी कर सकता है। यह चुनाव अप्रैल में होंगे। पश्चिम बंगाल में मतदान 3 से 4 चरणों में कराया जा सकता है। वहीं असम में दो चरणों में वोटिंग होने की संभावना है। इसके अलावा तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में चुनाव एक ही चरण में संपन्न कराए जाने की तैयारी है।

## उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकी ढेर

**पुंछ.एजेंसी।** कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। यह कार्रवाई तब हुई जब भारतीय सेना के जवानों ने नियंत्रण रेखा के पास कुछ हलचल देखी। इसके बाद सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन चलाया। उधर पुंछ में जारी 'ऑपरेशन शेरीकलां' के तहत एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर शहीद हो गए।

## किम जोंग के साथ फिर दिखीं बेटी

**रविवार.एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में चल रही जंग के बीच नॉर्थ कोरियाई नेता किम जोंग उन अलग तैयारी में दिख रहे हैं। उन्होंने अपनी बेटी के साथ मिलकर एक बड़े सैन्य अभ्यास का निरीक्षण किया। इस दौरान कई रॉकेट लॉन्च सिस्टम का लाइव-फायर टेस्ट किया गया। किम जोंग उन ने उत्तर कोरिया के पूर्वी तट पर 600एमएम कैलिबर के 12 अल्ट्रा-प्रिसिजन रॉकेट लॉन्चरों के स्ट्राइक ड्रिल को देखा। इस सैन्य अभ्यास की तस्वीरों में किम जोंग उन के साथ उनकी बेटी किम जू ऐ भी नजर आईं। रिपोर्ट के मुताबिक उनकी उम्र करीब 13 साल है। वो जैतून-हरे रंग के बड़े लॉन्च ट्रकों के पास अपने पिता के साथ टहलती और हथियारों के परीक्षण को देखती दिखीं।



## पाकिस्तान ने अब की कंधार में एयर स्ट्राइक

**कंधार.एजेंसी।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कंधार इलाके में तालिबान से जुड़े सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तान का कहना है कि यह कार्रवाई हाल ही में उसइस बीच अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के शहरों के ऊपर देखे गए ड्रोन हमलों के जवाब में की गई।



## बादशाह को धमकी

### इस बार सिर पर मारेंगे गोली

**पानीपत.एजेंसी।** पानीपत में एक मनी एक्सचेंज ऑफिस पर फायरिंग के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लॉरेंस गैंग के नाम से रैपर बादशाह को उनके विवादित गाने टटीरी को लेकर जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी देने वाले ने कहा इस बार सिर पर गोली मारेंगे।

# मकान में खाली जगह सुखाधिकार फिर टैक्स क्यों -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने निशानिया सवाल दागा और कहा कि नक्शा पास होता है तो एमओएस छोड़ा जाता है। वहां निर्माण नहीं किया जा सकता और रहवासियों के लिए यह खाली जगह सुखाधिकार होता है, तो इसमें नगर निगम द्वारा टैक्स किस बात का लिया जा रहा है। जब निगम की अपील समिति एमओएस के अवैध निर्माण पर कम्पाउंडिंग नहीं कर सकती और ना ही भूमि विकास अधिनियम इसकी अनुमति देता है तो फिर खाली जगह एमओएस को ना बेचा जा सकता है, ना खरीदा जा सकता है, एमओएस हवा, पानी, प्रकाश के लिए खुला होता है और अब तो इसमें पार्किंग और पौधारोपण के लिए भी लोग जगह छोड़ते हैं। मप्र प्रकोष्ठ अधिनियम में एम ओ एस को सभी फ्लेट धारकों का उपयोग का माना जाता है तथा सार्वजनिक स्थान के रूप में होता है तथा कुल फ्लेट धारकों के फ्लैट के बिल्टअप एरिये से 25% से लेकर 45% तक जोड़ा जाता है जिसे सुपर बिल्टअप एरिये कहां जाता है। जिस जगह का उपयोग प्राकृतिक हवा, प्रकाश, आवागमन एवं उपयोग का हो उससे सम्पत्तिकर कैसे लिया जा सकता है। द्विवेदी ने सवाल किया कि क्या टैक्स खातिर भूमि विकास अधिनियम बदला गया, क्या प्रकोष्ठ अधिनियम में बदलाव किया गया, क्या नगर निगम विधान में कम्पाउन्डिंग के नियम कायदे बदल दिए गए, मप्र भूमि विकास अधिनियम बदल दिया गया तथा मानचित्र स्वीकृत करने का कानून बदल दिया गया। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि क्या नगरनिगम इन क़ानूनी पहलुओं से परे है। बिना कानून नियम कायदे में बदलाव नहीं किया जाता एमओएस को निजी मिल्कियत नहीं बनाया जाता तब तक कोई टैक्स नहीं बसूल किया जा सकता है।

## एमवाय अस्पताल के गेट खोले जाए- भाजपा

### *कल मिलेगा अधीक्षक से प्रतिनिधि मंडल*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के पूर्व नगर संयोजक भाजपा नेता जगमोहन वर्मा ने बताया कि एमवाय अस्पताल में कुल 8 गेट लगे हैं। जिसमें से दो गेट ही चालू है बाकी के 6 गेट पूर्णतया बंद है, जिससे वृद्धजनों, मरीजों, बच्चों एवं महिलाओं को इलाज हेतु अस्पताल जाने के लिए काफी घूम कर जाना पड़ता है। आकस्मिक मरीज के लिए यह काफी दुखदायी है।**

वर्मा ने बताया कि लगभग 8-10 महीनो से अस्पताल प्रबंधन ने चूहा कांड के कारण 6 गेटों पर तालाबंदी कर दी है। मरीज अस्पताल में काफी मुश्किल से जा पा रहे हैं। एमवाय अस्पताल के बंद गेटों को खुलवाने के लिए 16 मार्च को सुबह 10 बजे अस्पताल अधीक्षक से एक प्रतिनिधि मंडल मिलेगा।

## डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने विधानसभा 6 के 9 स्थानों पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया और यहां डेढ़ करोड़ लागत वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया। जनसंवाद में जमकर समस्याएं रहवासियों ने बताई। कुछ ने खुले रूप से कहा कि विगत तीन सालों से हम परेशानी में है। कहने पर भी समस्या हल नहीं हो रही है। विजयवर्गीय ने समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।





## श्रद्धांजलि के लिए पहुंचे विधायक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की बेटी सुरभि खंडेलवाल के निधन पर इंदौर के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और नेता पूर्व में संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि देने जा चुके हैं। अब विधायक गोलू शुक्ला ने पहुंचकर सुरभि के चित्र पर पुष्पांजलि की और हेमंत खंडेलवाल से मिलकर बेटी के निधन पर शोक भी जताया।

## कांग्रेस ने सिलेंडर मुद्दे पर किया घेराव

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव एवं ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष शैलू सेन के नेतृत्व में कल कलेक्टर कार्यालय पर घेराव कर कलेक्टर शिवम वर्मा के नाम एडीएम दीपक चौहान को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से जहां घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं और आम नागरिक को नहीं मिल पा रहे हैं जिससे आम जनता परेशान हो रही है वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर पर प्रतिबंध के बाद घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर मारामारी मची हुई है गैस एजेंसी पर लंबी लंबी कतारें लगी हुई है जिससे आम उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। कई उपभोक्ताओं के पास स्मार्ट फोन नहीं है जिससे वह सिलेंडर बुक नहीं करा पा रहे हैं जिनके पास स्मार्टफोन है उस पर संबंधित कंपनी के एप से बुकिंग में परेशानी आ रही है और लोग परेशान हो रहे हैं वहीं सिलेंडर की डिलीवरी पर डिलीवरी डीएसी नंबर अनिवार्य किया गया है जो ऑनलाइन बुकिंग के बाद मिलता है उसको बताने के बाद ही डिलीवरी की जा रही है। अगर किसी उपभोक्ता के पास मोबाइल नहीं है तो उसे सिलेंडर लेने में परेशानी आ रही है वहीं डिलीवरी बांय के पास एक काम और बढ़ गया है। आम उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर जहां नहीं मिल रहे हैं वहीं व्यवसायिक गैस सिलेंडर बंद होने से छोटे व्यापारियों के सामने उनकी रोजी रोटी पर सीधा असर पड़ रहा है। इस प्रदर्शन और ज्ञापन में जौहर मानपुरवाला, दानिश खान, सन्नी राजपाल, गिरीश चितले, कमलेश पाठक, राहुलसिंह धाकरे, गोपालकृष्ण मानधन्या, ओमप्रकाश सिसोदिया, देवेश रघुवंशी, अजय ठाकुर, सुरेश प्रजापत, राहुल तायडे, प्रदीप तायडे, मुकेश बड़के, लाला खान, अजय पवार, रोहित नरवरिया, रमीज़ अंसारी, राजदत्त शर्मा, शाहरुख खान, जितेंद्र पाटील, पीके उपाध्याय, विनोद वर्मा, शिवम कुशवाह, संदीप वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



## नाले के समीप चाय बनाकर जताया विरोध

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर शहर युवक कांग्रेस, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के अध्यक्ष बलवंत टटवाड़े के नेतृत्व में गैस सिलेंडर की किल्लत और दाम को लेकर अनोखा विरोध किया गया। नाला की गैस से चाय बनाने की बात भी कही गई और इस कार्यक्रम के माध्यम से गैस टंकी की किल्लत और बढ़ते दाम का विरोध किया। अंकित दुबे, नितिन कुशवाहा, रोहित जूनवाल, नवीन मेहरा, नीरज मिमरोट, आकाश कुशवाह, भारत जीनवाल, स्वप्निल सहित अन्य मौजूद थे।



## भाजपा नेता वाधवानी का सम्मान



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पश्चिमी क्षेत्र पंचकुइया स्थित गंगा बगीची में तीन दिवसीय नानीबाई मायरो कथा का रसपान श्यामनंद महाराज सरकारी बाबा करा रहे है। कथा में भाजपा नेता सांसद प्रतिनिधि डॉ. संतोष वाधवानी पहुंचे। वाधवानी का सम्मान किया गया।

## देपालपुर ब्लाक सम्मेलन में रही भीड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में इंदौर जिले की देपालपुर विधानसभा के बेटमा, देपालपुर, गौतमपुरा और हातोद ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय पंचायत/वार्ड समिति कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए गए। इन सम्मेलनों में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान प्रतिनिधि एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, जिला संगठन महामंत्री दौलत पटेल सहित अन्य मौजूद थे।



# कांग्रेसी रेलवे स्टेशन के अन्दर गए तो बाहर पुलिस ने वाहनों पर लगा दिया लॉक

**स्टेशन की व्यवस्था की जिम्मेदारी थी संगठन महामंत्री के पास, पुलिस से गाड़ी छुड़ाई, टिकिट कन्फर्म कराए और डब्बों में अदला-बदली भी कराई**

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और भागीरथपुरा मामले में जिम्मेदारी निभाने वाले दीपक मलोरिया की मौजूदगी में कल कांग्रेस ने 22 कलश प्रयागराज के लिए भागीरथपुरा से रवाना किए थे। यह 22 परिजन और कांग्रेसियों सहित 47 लोग रेलवे स्टेशन से कल प्रयागराज रवाना हुए। इन्हें छोड़ने के लिए कुछ कांग्रेसी भी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे। कुछ कांग्रेसी देरी से पहुंचे तो जल्दबाजी में गाड़ी बाहर नो पार्किंग में पार्क कर दी और इधर यातायात पुलिस ने इन कांग्रेसियों के वाहनों पर लॉक लगा दिया। बाद में संगठन महामंत्री ने पुलिस से बात कर लॉक खुलवाए और कहा कि जल्दबाजी में गलत जगह गाड़ी पार्क की गई है। पुलिस ने 22 कलश प्रयागराज जाने के मुद्दे को गंभीरता से समझा और लॉक भी खोल दिए। कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने रेलवे स्टेशन की पूरी जिम्मेदारी संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल को दी थी। बाकलीवाल रेलवे सलाहकार समिति सदस्य भी है उन्होंने जो टिकिट सामान्य से आरएसी में पहुंचे उन्हें रेलवे अधिकारियों और टीटी से बात कर टिकिट को कन्फर्म कराया। इधर भागीरथपुरा के मृतक परिवार के लोग और कांग्रेसी अलग-अलग डब्बों में भी नम्बर के कारण पहुंचे थे। संजय बाकलीवाल ने उन्हें भी अधिकारियों और टीटी से आग्रह कर एक जगह कराने की जुगत की। कुल मिलाकर कल शहर कांग्रेस ने बाकलीवाल को भेजकर प्रयागराज जाने वाले लोगों की परेशानी को हल कराया। वहीं उन कांग्रेसियों की व्यवस्था भी सुधारी, जिन्होंने गाड़ी नो पार्किंग में पार्क की थी और उनकी गाड़ियों पर पुलिस ने लॉक लगा दिए थे उन्हें भी छुड़ाया गया। कुल 47 लोग जिनमें कांग्रेसी भी है वे प्रायगराज के लिए रवाना हुए, इनमें 22 कलश रवाना होने की बात भी संजय बाकलीवाल ने बताई। उल्लेखनीय है कि जीतू पटवारी और चिंटू चौकसे ने भागीरथपुरा से इन अस्थि कलशों को रेलवे स्टेशन तक रवाना किया था और रेलवे स्टेशन की जिम्मेदारी संजय बाकलीवाल सहित अन्य कांग्रेसियों को दी थी।

# कांग्रेस मौत पर कर रही है राजनीति-आकाश

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने कल कांग्रेस की भागीरथपुरा में मृत लोगों की अस्थि वसर्जन यात्रा पर टिप्पणी की और मीडिया से चर्चा में कहा कि कांग्रेस मौतों की राजनीति कर रही है। सनातन धर्म में अस्थि विसर्जन मृत्यु के कुछ समय बाद ही हो जाता है। अपने खोए हुए जनाधार को प्राप्त करने के लिए कांग्रेस इस तरह की घटिया राजनीति कर रही है। मुझे बताया गया है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मृतकों के परिजनों को खाली अस्थि कलश दिए हैं और कहा कि यह जीतू पटवारी आए तो उनको दे देना। इस तरह से कांग्रेस मृतकों के परिजनों की संवेदनाओं से खिलवाड़ कर रही है। यदि कांग्रेस को भागीरथपुरा में मृतकों के परिजनों से इतनी हमदर्दी है तो वह पहले सभी को वो राशि दे, जिसकी उन्होंने घोषणा की थी। अभी तक सिर्फ 14-15 लोगों को कांग्रेस की ओर से राशि मिली है। दूसरी ओर मंत्री कैलाश विजयवर्गीयजी ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए भागीरथपुरा के हालातों को संभाला, लोगों का अच्छे अस्पतालों में इलाज करवाया, उनके राशन की व्यवस्था की, दो लाख रुपये का मुआवजा दिलवाया और अपने कार्यकर्ताओं के साथ मैदान में डटे रहे। उन्होंने फोटो खिचवाने की राजनीति नहीं की। अब वहां पर डायरिया के मामले नहीं आ रहे हैं। पहले भागीरथपुरा में 60 प्रतिशत नर्मदा की नई लाइन और 40 प्रतिशत पुरानी थी, लेकिन अब 100 प्रतिशत इलाके में नई लाईन डाली जा रही है। विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस ने पहले घोषणा के मुताबिक आर्थिक सहायता पूरी करना चाहिए जो कुछ ही लोगों को की गई है।

# सज्जन वर्मा की धर्मपत्नी का अस्पताल में इलाज

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा की पत्नी का स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें बाम्बे अस्पताल में दाखिल कराया गया था। सज्जनसिंह वर्मा और कांग्रेसियों के अलावा उनके निकट के लोग भी अस्पताल में मौजूद रहे।

# विधायक वर्मा को सौंपेंगे समस्याओं को लेकर ज्ञापन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

आनंद फार्म रहवासी संघ द्वारा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक मधु वर्मा को ज्ञापन दिया जाएगा। इस मुद्दे पर रहवासियों की आज शाम 7 बजे केट चौराहा स्कूल के समीप बैठक होगी।

# आज गैस एजेंसियां खुली तो टंकियां लेने पहुंचे उपभोक्ता

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

इंदौर जिले में गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय कल लिया था और सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया था कि रविवार को भी गैस एजेंसियों के कार्यालय खुले रहे और गैस बुकिंग के साथ रिफिल का कार्य भी सामान्य दिनों की तरह किया जाए। कलेक्टर और जिला आपूर्ति विभाग के निर्देश पर आज सुबह से गैस एजेसियों के कार्यालय और जहां से टंकी दी जाती है वे खुले रहे और लोग भी आज सुबह से गैस एजेंसियों के बुकिंग और रिफिल स्थलों पर पहुंचना शुरू हो गए थे। सभी गैस एजेंसी संचालकों को प्रशासन ने सख्त निर्देश दिए थे कि कोई भी गैस




एजेंसी रविवार को बंद ना रहे। आज खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम भी गैस एजेंसियों को दिशा-निर्देश सुबह से देती दिखाई दी और कुछ गैस एजेंसियों के चक्कर भी अधिकारियों ने लगाए कि व्यवस्था ठीक है या नहीं। साथ ही गैस टंकियों की डिलेवरी भी करने के निर्देश दिए थे। प्रशासन के निर्देश के बाद आज यह व्यवस्था चाकचौबंद नजर आई। आज गैस प्लांट भी क्रियाशील रहे और रोज की तरह काम करते देखे गए। आज सुबह से एजेंसियों पर लोगों का पहुंचना जारी था, लेकिन पहले के मुकाबले ज्यादा अफरा-तफरी नजर नहीं आई।



# जैन समाज अध्यक्ष के चुनाव शुरू शाम तक नतीजा



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष का चुनाव आज किया जा रहा है। पहले भी एक सामाजिक और संसद बनकर उसी अध्यक्ष पद पर पुराने दो अध्यक्षों ने विनय बाकलीवाल को काबिज किया था। अब कासलीवाल खेमा 136 जैन मंदिरों के 735 प्रतिनिधियों के माध्यम से चुनाव करवा रहे हैं। चुनाव की प्रक्रिया अध्यक्ष नरेन्द्र जैन उदासीन आश्रम में आज करवा रहे हैं। निर्धारित समय 4 बजे तक मतदान होगा और उसके बाद मतगणना की जाएगी और संभावना है कि देर रात तक नतीजे भी आएंगे। अध्यक्ष पद पर दो उम्मीदवार आनन्द गोधा और दिलीप पाटनी मैदान में हैं। आनन्द गोधा को विनय बाकलीवाल खेमा और नवीन गोधा ताकत से सपोर्ट कर रहे हैं। वहीं कासलीवाल खेमा दिलीप पाटनी को सहयोग कर रहे हैं। हर मंदिरों में प्रचार-प्रसार किया गया था और फोन पर भी मतदान की गुहार की गई।

# सरकारी बीएसएनएल निजी हाथों में जाने के बाद अब दे रहा फ़ास्ट इंटरनेट सर्विस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

भारत सरकार का सरकारी उपक्रम बीएसएनएल बंद होने के बाद जबसे निजी हाथों में गया है तब से इसमें निजी कंपनियों द्वारा दोबारा इसमें जान फूंकने का काम किया जा रहा है। निजी हाथों में जाने के बाद सरकारी बीएसएनएल अब अपने कस्टमरों को फ़ास्ट इंटरनेट सर्विस दें रहा है। जिसके लिए शहर के पालदा औद्योगिक क्षेत्र के मेंनरोड़ से लेकर सांवेर औद्योगिक क्षेत्र और लसूड़िया औद्योगिक क्षेत्र तक इंटरनेट की फ़ास्ट सर्विस देने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। इन एरियों के प्रमुख मेंनरोड़ तक फाइबर ऑप्टिक लाइन बिछाने का काम तेजी के साथ चल रहा है। वहीं शहर के अलग - अलग हिस्सों के साथ लसूड़िया और सांवेर रोड़ औद्योगिक क्षेत्र तक फास्ट इंटरनेट सर्विस देने के लिए लाइन डालने का काम किया जा रहा है ताकि पुराने कस्टमरों को नए प्लान के साथ दोबारा जोड़ा जाए।

## 599 के बैसिक प्लान से लेकर 1499 के अल्ट्रा प्लान में असीमित कॉलिंग

बीएसएनएल द्वारा फायबर ऑप्टिक लाइन डालने के बाद औद्योगिक क्षेत्र के साथ घरेलू एरियों में भी तेजी के साथ अपना नेटवर्क फैलाया जा रहा है। अपनी प्रतिद्वंद्वी रिलायंस, एयरटेल,आइडिया , जियो जैसी निजी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा रखतें हुए अपने कस्टमरों के लिए एक से बढ़कर एक प्लान लेकर आया है। जिसमें शुरुआती 599 प्रतिमाह के बैसिक प्लान से लेकर 1499 प्रतिमाह के सुपर अल्ट्रा प्लान तक में अलग अलग स्पीड के साथ असीमित फोन कॉलिंग की सेवाएं दी जा रही है। 599 के बैसिक प्लान में जहां 60 एमबीपीएस स्पीड के साथ 3300 जीबी डाटा दिया जा रहा है। वहीं 799 के वैल्यू पैक के साथ 100 एमबीपीएस की स्पीड के साथ 3300 जीबी का डाटा मिल रहा है। जबकि 999 के प्रीमियम प्लान में आपको 200 एमबीपीएस की स्पीड की सुविधा दी जा रही है। वहीं सबसे बेहतर 300 एमबीपीएस हाई स्पीड की सुविधा बीएसएनएल के अल्ट्रा 1499 के प्लान में 4000 जीबी का डाटा असीमित कालिंग के साथ दिया जा रहा है।

# 24 घंटे में मिल रहा गैस पाइप लाइन कनेक्शन

## अवंतिका की विशेष टीम दे रही तेजी से कनेक्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर शहर में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पाइपलाइन गैस से जोड़ने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। अवंतिका गैस लिमिटेड की विशेष टीम द्वारा लगातार नए कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। पिछले तीन दिनों में अवंतिका गैस कंपनी ने शहर के लगभग 12 से 13 स्थानों पर हॉस्टल, अभय प्रशाल, रेस्टोरेंट, छप्पन दुकान क्षेत्र तथा कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठानों को गैस पाइपलाइन कनेक्शन दिए हैं और यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। 56 दुकान क्षेत्र में दो दिवस में सभी दुकानों पर गैस पाइपलाइन से कनेक्शन देने के निर्देश अवंतिका के मैनेजमेंट को जिला प्रशासन द्वारा दिए गए हैं ताकि 56 दुकान पर दुकानों के संचालन में कमर्शियल सिलेंडर के अभाव में किसी प्रकार का कार्य बाधित ना हो सकें। प्रशासन ने बताया है कि जिन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के नजदीक गैस पाइपलाइन की सुविधा है, वे तत्काल आवेदन कर 24 घंटे के भीतर कनेक्शन प्राप्त कर गैस आपूर्ति प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार गठित विशेष टीम द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक व्यावसायिक इकाइयों को पाइपलाइन गैस से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे व्यवसायों को सुरक्षित, सुगम और निरंतर गैस आपूर्ति उपलब्ध हो सके,, जहां गैस पाइपलाइन उपलब्ध है और कोई भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान या आम उपभोक्ता कनेक्शन लेना चाहते हैं तो हेल्पलाइन नंबर 7509275091 पर संपर्क कर सकते हे।

# डिजिटल एप्लीकेशन से निगम करेगा वार्ड रैंकिंग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम के द्वारा सबसे स्वच्छ वार्ड की रैंकिंग करने का कार्य डिजिटल एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाएगा। इसके साथ ही इंदौर में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी ने गति पकड़ ली है।

इंदौर नगर निगम में स्वच्छ भारत मिशन के परियोजना समन्वयक अमित दुबे द्वारा इंटर्नशिप विथ मेयर के लिए एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस सत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण, वार्ड रैंकिंग तंत्र और शहर में स्वच्छता मानकों को बनाए रखने की प्रक्रियाओं को समझने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उसके साथ ही स्वच्छ वार्ड रेकिंग प्रतियोगिता को डिजिटल एप्लीकेशन के माध्यम से संपन्न करने पर भी चर्चा की गई।

**स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी ने पकड़ी गति**

बैठक के दौरान दुबे ने रणनीतियों और व्यवस्थित प्रोटोकॉल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिन्होंने इंदौर को लगातार भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने में मदद की है। उन्होंने नगर निगम द्वारा अपनाए गए मानकीकृत मानदंडों के बारे में बताया, जो प्रभावी अपशिष्ट अपशिष्ट प्रबंधन, सार्वजनिक भागीदारी, और विभिन्न वार्डों में स्वच्छता की नियमित निगरानी सुनिश्चित करते हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि वार्ड रैंकिंग शहर के भीतर स्वच्छता प्रदर्शन में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वार्ड स्तर पर स्वच्छता मानकों का मूल्यांकन करके, अधिकारी सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने और उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए वार्डों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने में सक्षम होते हैं।इंटर्न्स को नगर निगम द्वारा अपनाए गए संरचित दृष्टिकोण की व्यापक समझ प्रदान की गई, जिसमें प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन, नागरिक जागरूकता कार्यक्रम, और कुशल अपशिष्ट अलगाव अभ्यास शामिल हैं। सत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि सार्वजनिक भागीदारी और प्रशासनिक प्रतिबद्धता इंदौर की स्वच्छता मानकों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण कारक हैं।

# लावारिस खड़ा लोडिंग रिक्शा निकला चोरी का

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

बाम्बे अस्पताल चौराहा पर यातायात प्रबंधन का काम देख रहे आरक्षक राहुल परमार ने देखा कि महालक्ष्मी नगर जाने वाले मार्ग पर एक लोडिंग वाहन बीच सड़क पर लावारिस हालत में खड़ा है। इस पर आरक्षक राहुल परमार ने संज्ञान लिया और लोगों से पूछा तो पता पड़ा कि कुछ दिनों से रिक्शा यही खड़ा है और उससे यातायात बाधित भी हो रहा है।

परमार ने इस वाहन की जांच की, और नम्बर के आधार पर वाहन मालिक से सम्पर्क किया तो पता मालिक ने बताया कि उसका रिक्शा चोरी हो चुका है, जिसकी सूचना हीरा नगर थाना में दी गई है। वाहन और मालिक की पुष्टि के बाद



उक्त वाहन मालिक के सुपुर्द किया गया। इस कार्य में आरक्षक राहुल परमार की तारीफ मालिक और जहां रिक्शा खड़ा था वहां के रहवासी और दुकानदारों ने की।

# 2600 कॉलोनियों की गाइडलाइन दरों में वृद्धि का प्रस्ताव

## 158 नई लोकेशन भी जोड़ी जाएंगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता तथा विधायक महेन्द्र हार्डिया की उपस्थिति में हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, वरिष्ठ जिला पंजीयक अमरेश नायडू सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में इंदौर जिले में स्थित लगभग 2600 कॉलोनियों और लोकेशनों की गाइडलाइन दरों में वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में समिति के सदस्यों और अध्यक्ष द्वारा दिए गए निर्देशों के आधार पर कुछ क्षेत्रों में प्रस्तावित वृद्धि में संशोधन करते हुए कुछ और स्थानों पर दरों में बढ़ोतरी किए जाने पर भी सहमति बनी। इसके साथ ही वर्ष 2026 के लिए 158 नई लोकेशन और कॉलोनियों को गाइडलाइन में शामिल करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। कलेक्टर वर्मा ने बताया कि प्रस्तावित गाइडलाइन दरों को आमजन से सुझाव प्राप्त करने के लिए सात दिनों तक सार्वजनिक किया जाएगा। इस अवधि में प्राप्त सुझावों और आपत्तियों पर विचार करते हुए पुनः जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इसके बाद अंतिम प्रस्ताव को केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। बैठक में चर्चा के दौरान बताया गया कि वर्तमान में अधिकतम 185 प्रतिशत तक वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया था। हालांकि बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार कुछ स्थानों पर इसे और संशोधित किया जाएगा। संपदा पोर्टल से प्राप्त पंजीयन आंकड़ों के अनुसार कई क्षेत्रों में संपत्तियों का पंजीयन गाइडलाइन दर से काफी अधिक मूल्य पर हुआ है। उदाहरण के तौर पर जहां गाइडलाइन दर 10 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर थी, वहां 50 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर तक पंजीयन दर्ज हुए, जो लगभग 500 प्रतिशत तक अधिक हैं। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर संबंधित लोकेशनों में दरों में वृद्धि प्रस्तावित की गई है। प्रस्तावित दरों को 16 से 21 मार्च तक जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय क्रमांक 1,2,3,4 में आमजन के सुझावों के लिए सार्वजनिक किया जाएगा। इसके लिए मोबाइल वाटसअप पर भी सुझाव और ई-मेल आईडी पर भी अपनी जानकारी भेजी जा सकती है।

# करही में गौशाला को शासन की गौसंवर्धन नीति से मिला लाभ

ख़रगोन (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर संभाग में खरगोन जिले के करही में गौसंरक्षण और संवर्धन निराश्रित गौवंश के प्रबंधन के लिए पंजीकृत गौशाला 34 वर्षों से संचालित है इसमें 300 से अधिक गायें है। इस तरह की गौशालाओं की आर्थिक तंगी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उस निर्णय का सहारा मिला है,जिसे उन्होंने गौसंवर्धन को बढ़ावा देने के लिए प्रारम्भ किया है। गौशाला संचालक वीरचंद छाजेड़ ने बताया कि गौशाला संचालित करने के लिए दान भी प्राप्त होता है लेकिन बड़ी संख्या में गायों की देखरेख में हमेशा ही आर्थिक सहायता की आवश्यकता होती है। इस आवश्यकता को शासन की गौसंवर्धन नीति का बड़ा सहयोग प्राप्त हुआ है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशेष तौर पर गौवंश के देखरेख व भूसा चारे के लिए 20 रुपये प्रतिदिन से बढ़ाकर 40 रुपये का अनुदान किया है। यह राशि गौवंश के लिए बड़ी उपयोगी साबित हो रही है।

# घायल को डेढ़ लाख रुपए तक की मिलेगी कैशलेस उपचार सुविधा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर जिले में पीएम राहत योजना के संचालन एवं क्रियान्वयन के संबंध में निजी एवं शासकीय चिकित्सालयों के संचालकों, प्रबंधकों की बैठक का आयोजन कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में किया गया।आयुष्मान योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट विशेष रूप से मौजूद थे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि पी.एम. राहत योजना सड़क दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को तुरंत अस्पताल में भर्ती करने एवं सुनिश्चित उपचार उपलब्ध करवाने की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति जो सड़क दुर्घटना से ग्रस्त हुआ है उसे जीवन रक्षा प्रदान करना क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण है। इसलिए निजी एवं शासकीय चिकित्सालयों से अनुरोध है कि वह आज के इस उन्मुखीकरण में बताए गए प्रस्तुतीकरण के द्वारा योजना के विभिन्न पहलूओं को ध्यान से समझे तथा अधिक से अधिक अस्पताल पंजीकृत हों, ऐसी हमारी मंशा है। आयुष्मान योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने बताया कि प्रदेश में अभी तक इस योजना अंतर्गत लगभग 200 से अधिक दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों को लाभ दिया जा चुका है और इंदौर में सर्वाधिक 24 दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों को लाभ दिया गया है, इसलिए यह उन्मुखीकरण सर्वप्रथम इंदौर जिले में ही रखा गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पी.एम. राहत योजना में सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल में भर्ती एवं सुनिश्चित उपचार का प्रारंभ जिले में गत 20 फरवरी 2026 से किया गया। योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को दुर्घटना की तिथि से सात दिनों के भीतर डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। कोई भी अस्पताल दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को उपचार देने से मना नहीं कर सकता है, यदि कोई विदेशी नागरिक भारत में सड़क दुर्घटना में पीड़ित होता है तो उसे भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा। दुर्घटना ग्रस्त होने के 24 घंटे के अंदर पीड़ित के अस्पताल पहुंचने पर ही उसे योजना का लाभ मिलेगा, दुर्घटना ग्रस्त होने पर पहला 01 घंटा बहुत महत्वपूर्ण होता है, उसमें उपचार मिलने पर जीवन बचने की संभावना सर्वाधिक होती है। वह नागरिक जो मोटराईज वाहन द्वारा सड़क पर दुर्घटना ग्रस्त हुए हैं, इसका सत्यापन पुलिस द्वारा तथा टीएमएस पोर्टल अस्पताल के माध्यम से किए जाने पर ही इस योजना के लिए पात्र होगा। इस योजना में गैर-नामित अस्पतालों में भी दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति का स्थिरीकरण उपचार कराना होगा।

# देशी-विदेशी फूलों से सजे रथ में सवार होंगे वीर अलीजा

## हनुमान जन्मोत्सव पर 5 दिवसीय उत्सव मनेगा, सरकार के आगमन का उत्साह ऐसा कि मंच की जगह को लेकर अभी से जद्दोजहद शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर में 5 दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 1 अप्रैल को प्रभातफेरी निकाली जाएगी। जिसको लेकर तैयारिया शुरू हो गई। देशी-विदेशी फूलों से सजे रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने वीर अलीजा सरकार निकलेंगे।**

अन्य देशों में जहां युद्ध से हालात चिंतित बने हुए है वही भारत में आगामी त्योहारों को लेकर उत्साह बना हुआ है। नवरात्रि, गुड़ी पड़वा, गणगौर, अष्टमी, राम नवमी और हनुमान जयंती आगामी दिनों मनाई जानी है। शहर के हनुमान मंदिरों में राम नवमी और हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी चल रही है। वीर अलीजा हनुमान मंदिर से 1 अप्रैल को सुबह 5 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी, जो




मंदिर से शुरू होकर अंतिम चौराहा, बड़ा गणपति चौराहा, गौराकुंड चौराहा, नलिया बाखल होते हुए कैलाश मार्ग से पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। गादीपति पवनानंद महाराज ने बताया कि 18 फीट ऊंचे रथ पर वीर अलीजा सरकार भक्तों को दर्शन देंगे। रथ को देशी-विदेशी फूलों से सजाया जाएगा। यात्रा को लेकर अलीजा के भक्तों में इतना उत्साह है कि यात्रा मार्ग पर मंच लगाने की जद्दोजहद अभी से शुरू हो गई। यात्रा में 250 से अधिक स्वागत मंच रहेंगे। भजन गायक द्वारका मंत्री एवं गन्नू महाराज यात्रा में भजनों की प्रस्तुति देंगे। यात्रा गत वर्ष स्वच्छता को लेकर खास संदेश लेकर निकाली गई थी,वही इस बार पर्यावरण बचाने का संदेश हेतु निकलेगी। झाकियों के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा।

### ध्वज पूजन से शुरू होगा उत्सव

गादीपति पवनानंद महाराज ने बताया कि 29 मार्च को सुबह 9 बजे ध्वज पूजन के साथ पांच दिवसीय उत्सव की शुरूआत होगी। 30 मार्च को सुबह 9 बजे 71 प्रकार के द्रव्यों व रसों से हनुमानजी का अभिषेक होगा।31 मार्च को शाम को दीप दान उत्सव मनेगा। भक्त अपने घरों से दीप लाकर दरबार को जगमग करेंगे।

### रक्षासूत्र का होगा वितरण

30 मार्च को हनुमानजी के अभिषेक के बाद रक्षा सूत्र भी अभिमंत्रित किए जाएंगे। रक्षा सूत्रों को 1 अप्रैल को यात्रा के बाद मंदिर परिसर से वितरित किए जाएंगे।



### स्वर्ण चोले में दर्शन महाप्रसादी भी

2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह 6 बजे जन्म आरती की जाएगी। वीर अलीजा सरकार विशेष स्वर्ण चोले और आभूषणों में भक्तों को दर्शन देंगे। शाम को महाप्रसादी होगी,जिसमें करीब 50 हजार भक्त प्रसादी ग्रहण करेंगे।

---

## लोक अदालत से निगम ने 104 करोड़ कमाए

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कल आयोजित की गई लोक अदालत से इंदौर नगर निगम के द्वारा 104 करोड रुपए का राजस्व अर्जित किया गया है। इसमें सबसे ज्यादा 40 करोड रुपए तो अकेले इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा ही नगर निगम को दे दिए गए।**



**अकेले प्राधिकरण ने ही निगम को दे दिए 40 करोड़**

इस वितीय वर्ष की अंतिम लोक अदालत का आयोजन कल किया गया। इस आयोजन में लोक अदालत में आकर अपना बकाया टैक्स जमा करने वाले नागरिकों को नियम के अनुसार टैक्स पर लगाए गए सरचार्ज और ब्याज में छूट दी गई। इसरो अदालत में ज्यादा से ज्यादा राजस्व संग्रहित करने के लिए नगर निगम के द्वारा पहले से ही काफी कोशिश की गई थी। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त और भवन अधिकारी, भवन निरीक्षक को भी राजस्व विभाग के अमले की मदद करने के लिए लगा दिया गया था। निगम की ओर से यह लक्ष्य निर्धारित किया गया था कि हमें इस लोक अदालत में कम से कम 140 करोड रुपए का राजस्व अर्जित करना है।

निगम के द्वारा की गई जोरदार कोशिशें का परिणाम यह रहा की कल के लोक अदालत में एक दिन में ही निगम के खजाने में 104 करोड रुपए का राजस्व प्राप्त हो गया है। इसमें सबसे ज्यादा 40 करोड रुपए अकेले इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा जमा कराए गए हैं। वैसे तो कल रात तक जो राशि जमा हुई वह 102 करोड रुपए है। इसके बाद में अधिकारियों का कहना है कि करीब दो करोड रुपए के चेक की पोस्टिंग होना अभी बाकी है।

### जोन 19 से हुई सबसे ज्यादा वसूली

कल के इस अभियान में सबसे ज्यादा टैक्स निगम के जोनल कार्यालय क्रमांक 19 से एकत्रित हुआ है। इस अकेले जोनल कार्यालय से ही 20 करोड रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इसके बाद में जोन क्रमांक 13 से 17 करोड रुपए प्राप्त हुए हैं जबकि जोन क्रमांक 17 से 11 करोड रुपए प्राप्त हुए। यह तीनों जोन कर संग्रहण के कार्य में सबसे आगे रहे हैं।

### पानी के आए केवल 4 करोड़

कल की इस लोक अदालत में जो राजस्व अर्जित हुआ है उसमें जलकर के रूप में नगर निगम को 4 करोड रुपए प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही घर-घर से कचरा परिवहन की राशि के रूप में निगम को 40 लाख रुपए प्राप्त हुए हैं। इस तरह से संपत्ति करके 98.5 करोड रुपए प्राप्त हुए हैं।

---

## प्रधानमंत्री आवास योजना के भवनों पर 140 दुकान बेचेगा निगम

### 6 स्थान की दुकान बेचने के लिए बुलाए ऑफर, सभी की कीमत लाखों रुपए में

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर नगर निगम के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए भवनों के आसपास निर्मित की गई 140 दुकान बेचने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। छह स्थानों पर बनी हुई इन दुकानों को बेचने के लिए ऑफर बुलाए गए हैं। इनमें हर दुकान की कीमत लाखों रुपए में रखी गई है।**

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत इंदौर नगर निगम के द्वारा गरीबों के निवास के लिए अलग-अलग स्थान पर बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया गया है। इन इमारत में बड़ी संख्या में नागरिकों के द्वारा निवास किया जा रहा है। भारत सरकार ने जो योजना तैयार की गई थी उसमें यह प्रावधान किया गया था कि यहां पर जो लोग रहेंगे उन्हें उनकी आवश्यकता की सामग्री उनके निवास के आसपास ही मिल सके इसके लिए इन स्थानों पर दुकान भी बनाई जाए। इस प्रावधान के तहत इंदौर में भी नगर निगम के द्वारा जहां-जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नागरिकों के निवास हेतु फ्लैट का निर्माण किया गया है वहां पर दुकानों का भी निर्माण किया गया है। अभी तो यह सभी दुकानें बनने के बाद खाली ही पड़ी हुई है।

अब नगर निगम के द्वारा इन दुकानों को विक्रय कर लोगों को देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस प्रक्रिया के तहत इन दुकानों को खरीदने के इच्छुक लोगों से निगम के द्वारा आवेदन और उनके ऑफर बुलवाए जा रहे हैं। निगम के द्वारा बड़ा बांगड़दा के सतपुड़ा परिसर में 47 दुकान, कनाडिया के गुलमर्ग परिसर में 30 दुकान, निहालपुर मुंडी के पलाश परिसर दो में 12 दुकान, राऊ में पलाश परिसर एक में 6 दुकान, देव गुराडिया में शिवालिक परिसर में 6 दुकान, नायता मुंडला में अमलतास परिसर में तीन दुकान, गोमटगिरि में नर्मदा परिसर में दो दुकान और सनावदिया में नीलगिरी परिसर में 46 दुकान का विक्रय करने की प्रक्रिया को शुरू किया गया है।

निगम की ओर से प्राथमिक रूप से इनमें से हर दुकान की कीमत लाखों रुपए में रखी गई है। निगम के द्वारा इन दुकानों को 52500 प्रति वर्ग मीटर से लेकर 1.08 लाख रुपए प्रति वर्ग मीटर के भाव में देना तय किया गया है। उसके लिए निगम के द्वारा खरीदने की इच्छुक लोगों से उनके ऑफर बुलवाए गए हैं। इसके लिए 24 मार्च को खरीदने के इच्छुक लोगों की एक बैठक भी रखी गई है। इस बैठक में इन लोगों को दुकानों के बारे में चाही गई जानकारी दी जाएगी और साथ ही अधिक से अधिक रेट पर यह दुकान लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

---

## लोक अदालत में बिजली संबंधी 7058 प्रकरण निराकृत 2.74 करोड़ रु. की छूट प्रदान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी कंपनी को इस वितीय वर्ष की अंतिम लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण में उम्मीद के अनुसार सफलता मिली है। लोक अदालत में बिजली वितरण कंपनी के 7058 प्रकरण निराकृत हुए हैं, 5805 उपभोक्ताओं, बिजली उपयोगकर्ताओं को 2.74 करोड़ रु. की छूट नियमानुसार, पात्रता अनुसार प्रदान की गई है। विद्युत वितरण कंपनी को 10.94 करोड़ रु. का राजस्व प्राप्त हुआ है। लोक अदालत को प्रभावी बनाने के लिए कंपनी क्षेत्र के 15 जिलों में हजारों नोटिस जारी कर समझौते के लिए उपभोक्ता, उपयोगकर्ता को तैयार कर ऊर्जा विभाग के आदेशानुसार छूट प्रदान करने की प्रभावी तैयारी की गई थी। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एसआर बमनके ने सतर्कता और मैदानी कार्मिकों के माध्यम से लोक अदालत के लिए सघनतम प्रयास किए थे। कंपनी क्षेत्र के प्रत्येक जिले में लोक अदालत के लिए सैंकड़ों कार्मिकों ने अधिक से अधिक प्रकरण हल कराने के निमित्त सेवाएं दी। इस लोक अदालत में 10 लाख रुपए तक के सिविल दायित्व के प्रकरणों में समझौते की सीमा निर्धारित थी। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135, धारा 126 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों का समझौता किया गया। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट, लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट निर्धारित थी। धारा 126 के प्रकरणों में सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं विलंब होने पर ब्याज में सौ प्रतिशत की छूट देय रही।

---

### लोक अदालत में महिला को 2.75 लाख रुपये का मुआवजा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नेशनल लोक अदालत में सड़क दुर्घटना से पीड़ित एक महिला को न्याय मिला। जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में घायल हुई महिला ने 9 जनवरी 2026 को मुआवजे के लिए क्लेम दायर किया था। मामले की सुनवाई 27 फरवरी 2026 को माननीय न्यायालय में हुई। इसके बाद 14 मार्च 2026 को आयोजित लोक अदालत के माध्यम से इस प्रकरण का निपटारा किया गया। सुशीला बनाम टाटा एआईजी के इस मामले में पीड़ित पक्ष को कुल 2,75,000 रुपये (दो लाख पचहत्तर हजार रुपये) का मुआवजा दिलाया गया। विशेष बात यह रही कि इस प्रकरण में पीड़िता को मात्र लगभग 60 दिनों में न्याय प्राप्त हुआ। पीड़ित पक्ष की ओर से अधिवक्ता वर्षा जैन एवं अधिवक्ता राजेश मोरी द्वारा प्रभावी पैरवी की गई।





# सेन्ट्रल जेल में हुआ रोजा इफ्तार आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भारतीय मानव अधिकार परिषद के तत्वावधान मे सेन्ट्रल जेल इंदौर मे सर्व धर्म समभाव कोमी एकता रोजा इफ्तार का आयोजन रमजान माह में किया गया। संचालन राहुल निहोरे ने किया। शहरकाजी डॉ. इशरत अली, सलीम शेख, श्यामसुन्दर यादव, राहुल निहोरे, जेलर संतोष लड़िया, नदीम खान, संजीव वेद, अज्जू शेख, राजू, हामिद शेख, रितेश चंदाचोरिया, तोसीफ शेख, राकेश अरोरा, सरदार मोहन सिंह, रितु छाबड़ा, सना खान, अलीशा खान, मंजू शर्मा, वारिस पठान, जुनेद खान उपस्थित हुए। इस मौके पर मोहम्मद नदीम राजा ने सभी कैदियों को अच्छे काम करने और नेक रास्ते पर चलने की नसीहत दी। रेहान शेख, शेखर बागोरा, साजिद अंसारी, सोहेल भाई, मोहसिन भाई, फरहान भाई, मोइनुद्दीन कादरी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी ने आपसी भाईचारे और इंसानियत का संदेश दिया तथा रोज़ा इफ्तार कर देश की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ की।

# कल चौथी ताक रात पर जियारत मुए मुबारक का आयोजन होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रमजान पर्व चल रहे हैं और महत्वपूर्ण पांच ताक रात में से तीन रात में इबादत हो चुकी है, अब चौथी और महत्वपूर्ण ताक रात कल सोमवार की रात को होगी। शबे कद्र का आयोजन मगरीब की नमाज से शुरू होगा। कल रात से जियारत मुए मुबारक का आयोजन भी किए जाएंगे। अलग-अलग मस्जिद में अलग-अलग समय में कार्यक्रम होंगे। कई वरिष्ठ तकरीर भी करेंगे। मरकज़े अहले सुन्नत अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन द्वारा जामा मस्जिद में कल रात 1 बजे से मुफ्ती अहमद यार खान की सरपरस्ती में आयोजन होगा। उक्त जानकारी अब्दुल हक ने दी।

## अग्रसेन क्लब का आज शाम आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अग्रसेन क्लब द्वारा आज शाम 7 बजे से मोदी परिसर छावनी में फाग उत्सव का आयोजन रखा गया है। राधाकृष्ण की प्रस्तुति देने मथुरा से 30 कलाकारों की टीम भी आ रही है। भजन गायक भी फाग गीतों की प्रस्तुति देंगे।

# 61 महिलाओं का सामूहिक गणगौर उद्यापन होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री कृष्णाश्रय महिला मंडल द्वारा 61 महिलाओ का सामूहिक गणगौर उद्यापन 21 मार्च को शाही बाना मल्हारगंज क्षेत्र में निकाला जाएगा। नारनोली धर्मशाला में उद्यापन आयोजित किया जाएगा। आयोजन से मंजुला शर्मा, वर्षा बंसल, वर्षा शर्मा, ऋतु तिवारी, मीना जोशी सहित अन्य जुड़ी हुई है। गणगौर बाना में गणगौर गीतों पर मातृशक्तियां नृत्य करती चलेगी।

## काव्या जैन ने मंदिर में दी भजनों की प्रस्तुति



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिगम्बर जैन जावरावाला मंदिर में छोटी बालिका काव्या जैन ने भजनों की प्रस्तुति दी। दिगम्बर जैन समाजजन मौजूद रहे और काव्या के भक्ति गीतों की सराहना भी की।

# 10 दिवसीय हनुमंत मेला में 72 घंटे की भू-समाधि साधना होगी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** तिल्लौर-शिवनगर मार्ग स्थित संकट मोचन हनुमंत मंदिर, खेड़ापति आश्रम पिपलिया लोहार में 5 से 15 अप्रैल 2026 तक विराट हनुमंत मेला, दिव्य भू-समाधि साधना महोत्सव एवं सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 72 घंटे की भू-समाधि साधना भी इस दौरान होगी। 8 से 14 अप्रैल तक रोजाना दोपहर 12 से 3 बजे तक भागवत कथा का रसपान विनोद शास्त्री कराएंगे। 10 से 13 अप्रैल तक 72 घंटे की दिव्य भू-समाधि साधना का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 राजगुरु जी महाराज स्वयं भू समाधि साधना करेंगे। इस अवधि में अखंड हनुमान चालीसा पाठ तथा विभिन्न आध्यात्मिक अनुष्ठान भी निरंतर संचालित होंगे। 13 अप्रैल को श्रद्धालुओं को अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। 14 अप्रैल को सामूहिक विवाह और पूर्णाहुति के बाद भंडारा का आयोजन भी होगा।

# हालात-ए-निगम... संस्थाएं करेगी डिवाइडर रोटरी और उद्यानों के विकास के लिए कार्य



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर की नगर निगम के हालात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब शहर के डिवाइडर, ग्रीन बेल्ट, रोटरी, चौराहा तथा अविकसित उद्यानों के विकास एवं सौन्दर्यकरण के लिए जनभागीदारी के माध्यम से विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वार इसके लिए विभिन्न संगठन और संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। उल्लेखनीय है कि एमआईसी बैठक में सामाजिक संस्थाओं और संगठनों को डिवाइडर, ग्रीन बेल्ट सहित अन्य को गोद देने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया था, जिसके बाद आयुक्त द्वारा बैठक ली गई। उन्होंने कहा कि संस्थाओं द्वारा सकारात्मक और अच्छे प्रस्ताव मिले हैं। जिन पर विचार-विमर्श कर कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि निगम की माली हालत सभी को पता है, जिसके कारण ऐसे निर्णय अब चर्चा का विषय बन गए हैं।



# यातायात सुधार के लिए जारी है पुलिस के प्रयास

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में सुगम यातायात फिलहाल पुलिस की प्राथमिकता बना हुआ है। डीसीपी राजेशकुमार त्रिपाठी ने 12 विशेष पेट्रोलिंग टीम का गठन कर सतत भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं। टीम शहर के प्रमुख बाजारों में भ्रमण कर यातायात सुगमता पर विशेष नजर बनाएगी।

## रामनवमी पर निकलेगी रामरथ यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पंचकुइया रोड स्थित श्रीराम मंदिर से रामनवमी पर 27 मार्च को रामरथ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा शहर के मध्य क्षेत्र के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करेगी। यात्रा में कई संत शामिल होंगे। रथ पर सवार भगवान राम के दर्शन श्रद्धालु करेंगे।

# निमाड़ महासंघ का गणगौर महोत्सव एवं रथ यात्रा होगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

निमाड़ महासंघ विकास समिति द्वारा 23-24 मार्च को लिंबोदी क्षेत्र में निमाड़ीजन पारंपरिक गणगौर महोत्सव एवं रथ यात्रा समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में इंदौर में निवास करने वाले सर्व समाज के सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला से लगाकर विंध्याचल पर्वत की तलहटी क्षेत्र के निमाड़ीजन बड़ी संख्या में शामिल होकर निमाड़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत करेंगे। 23 मार्च को माताजी का बना लिम्बोदी क्षेत्र में निकाला जाएगा फिर गार्डन में भोजन का आयोजन होगा। संजय रोकडे, कृष्णकांत रोकडे, नारायण मंडलोई 'मामा', डा. सुनील गुप्ता, जगदीश पाटीदार, प्रियांशु शर्मा, राम पाटीदार, जितेंद्र गंगराड़े, प्रेम मंडलोई, प्रदीप अत्रे, आशीष गवशिंदे, गोपी चौधरी, राजेंद्र पटेल, आंचल रोकड़े और अभिलाषा गवशिंदे आयोजन से जुडे है।

## गुड़ी पड़वा पर उज्जैन का दल देगा प्रस्तुति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था विट्ठल रुक्मणी द्वारा 19 मार्च गुड़ी पड़वा के दिन सुबह 9.30 बजे चाणक्यपुरी चौराहा पर हिन्दू नववर्ष पर आयोजन होगा। कार्यक्रम में भस्म रमैया भक्त मंडल, उज्जैन द्वारा विशेष प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन रहेगा। उक्त जानकारी मयुरेश पिंगले ने दी।



## उद्यान में रखी प्रतिमाओं का विसर्जन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

उषा नगर स्थित गणेश मंदिर के उद्यान में पेड़ों के नीचे देवी और देवताओं की प्रतिमाएं लोगों द्वारा रख दी गई थी। जगह-जगह रखी मूर्तियों को पूजा अर्चना के बाद विसर्जित किया गया। इस दौरान शंकर राव जाधव, सुनील लाहोरे, जयंत जटाले, भालचंद्र चैतन्य, विष्णुप्रसाद गुप्ता, देवेन्द्र होलकर मौजूद थे।



# आनन्द शापिंग मेला लगेगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आनंद तीर्थ महिला परिषद् द्वारा 22 मार्च को गांधी हाल में आनन्द मेले का आयोजन किया गया है। सुनीता छजलानी, शोभना कोठारी, स्नेह कटारिया, आभा तातेड़, शेफाली झेलावत इस मेला में अपनी भूमिका निभा रहे है। लगातार तैयारी चल रही है।



# सफाई कर्मचारियों के लिए बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सफाई कर्मचारियों के हित में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष हरदीपसिंह गिल और प्रदेश अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने रेसीडेंसी कोठी में कलेक्टर शिवम वर्मा की मौजूदगी में बैठक आयोजित की। कई मुद्दों पर चर्चा हुई। चोइथराम मंडी के समीप चैम्बर में दो कर्मचारियों की मृत्यु पर चिंता जाहिर की और घटना स्थल का दौरा भी किया। दिवंगत दोनों कर्मचारियों के निवास पर पहुंचकर सांत्वना दी।

## सभी समाजों के 22 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर महानगर अग्रवाल समाज द्वारा कल 16 मार्च को शुभकारज गार्डन में 22 युगलों के विवाह का आयोजन किया जाएगा। यह जोडे इन्दौर के अलावा प्रदेश और अन्य जगह से भी है। अरविन्द बागडी, दिनेश मित्तल, पवन सिंघानिया, टीकमचंद गर्ग, जगदीश गोयल, रामबाबू अग्रवाल सहित अन्य आयोजन से जुडे हैं।

# पक्षियों के लिए सवा क्विंटल अनाज वितरित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महालक्ष्मी नगर स्थित गायत्री विला में करणी सेना के लोकेंद्रसिंह कालवी की पुण्यतिथि अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं जीवदया कार्यक्रम आयोजित किया गया। पक्षियों के लिए दाना और पानी रखने का संकल्प लेते हुए करीब सवा क्विंटल अनाज का वितरण भी पक्षियों के लिए किया गया। डॉ. संतोष सिंह, मोहन सेंगर, अजीत सिंह, दिग्विजयसिंह, कमलसिंह जादौन, अजीतसिंह ठाकुर, किशोरसिंह सिकरवार, राजेंद्र सिंह तोमर, ठाकुर, डॉ आभिषेकसिंह बेस, गोपालसिंह ठाकुर, प्रदीपसिंह ठाकुर, रंजीतसिंह राठौड़, वीरेंद्रसिंह राजपूत, अमितसिंह जादौन, राहुलसिंह पवार , गजेंद्रसिंह चौहान , राहुलसिंह जादौन, डॉ. ठाकुर संतोषसिंह ,गणेशसिंह चौहान , नरेंद्रसिंह ठाकुर , नितेशसिंह दरबारसिंह परमार, लालबाबू सिंह, राहुल बन्ना, शैलेंद्रसिंह ठाकुर, चेतनसिंह राजपूत, भगवानसिंह राजपूत सुनीलसिंह शेखावत मौजूद रहे।



# वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार पर ज़ागरूकता कार्यशाला

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और उनके संरक्षण के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 23 मार्च को कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 210 में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि कार्यशाला में मेंटेनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पेरेन्ट्स एंड सीनियर सिटीजन एक्ट तथा वरिष्ठ नागरिक गृहों के लिए निर्धारित न्यूनतम मानकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नगर निगम और पुलिस विभाग के प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सचिव, नगर पंचायतों के अधिकारी, महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केन्द्र के कार्यकर्ता आदि शामिल होंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक मंच के पदाधिकारी तथा वृद्धाश्रमों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। कार्यशाला के दौरान एसडीएम जूनी इंदौर घनश्याम धनगर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और उनके संरक्षण से संबंधित कानूनी जानकारी दी जाएगी।



# पुलिसकर्मियों के लिए सायबर ट्रेनिंग आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** थाना स्तर पर सायबर अपराध की शिकायतों का समापन होकर पीडितों को थाना स्तर पर ही न्याय मिल जाए इसके लिए हर थाना क्षेत्र के पुलिस कर्मियों को विशेष सायबर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें सायबर मामले में आधुनिक तकनीकी में दक्ष बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नर कार्यालय में करीब 80 पुलिस कर्मियों के लिये एक दिवसीय विशेष सायबर ट्रैनिंग का आयोजन किया गया।

## विंध्यवासिनी मंदिर का स्थापना दिवस कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** देवासनाका, निरंजनपुर रोड स्कीम 114 स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर, मां जगवंती देवीधाम का स्थापना दिवस कल 16 मार्च को मनाया जाएगा। मंदिर के शिवनारायण पाठक ने बताया कि माँ विंध्यवासिनी देवी के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में विद्युत और पुष्प सज्जा होगी। आरती के बाद भंडारा का आयोजन भी होगा। सभी मंदिरों में अनुष्ठान भी होंगे।

# महिलाओं का सम्मान



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

महिला सम्मान और एंट्रेप्रेन्यूर मीट का आयोजन कालेज आडिटोरियम में किया गया। महिलाओं का सम्मान भी हुआ। दिलीप राजपाल, डॉ. कविता कासलीवाल, डॉ. आर.के. गौड, डॉ. विजय सालविय, श्रेष्ठा गोयल, साबिर खान, किशन भालसे, डॉ. शिल्पी, गीता कुशवाह, ज्योति वर्मा, गीता शर्मा, दीपाली बैरी, सोनाली सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

# 40 की उम्र के बाद नियमित नेत्र जांच है जरूरी

## ग्लूकोमा को न दें अपनी रोशनी चुराने का मौका-डॉ. अमित सोलंकी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के अवसर पर, शांति आईटेक आई केयर एंड लेजर अस्पताल में 'लिविंग विद ग्लूकोमा'जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया ग़या। जिसमें ग्लूकोमा से 8 करोड से अधिक लोगों के प्रभावित होने की जानकारी दी गई। इस ग्लूकोमा जागरूकता कार्यक्रम में 90 से अधिक मरीज और उनके परिजन शामिल हुए। डॉ. अमित सोलंकी ने सलाह दी कि नियमित नेत्र परीक्षण, दवाओं के सटीक पालन, स्वस्थ जीवनशैली और पारिवारिक सहयोग के कारण इस पर नियंत्रण किया जा सकता है। 40 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जिनमें मधुमेह एवं उक्त रक्तचाप के रोगी है और परिवार में ग्लूकोमा का इतिहास रहा हो। डॉक्टर ने इन समूहों को अपनी दृष्टि की रक्षा के लिए नियमित रूप से 'कॉम्प्रिहेंसिव आई एग्जामिनेशन' कराने की सलाह दी है।

## ललिता राठौर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ललिता मुकेश राठौर को सर्वजन भारतीय राठौर एकता परिषद फाउंडेशन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। मनोज राठौर, मालती डागोर, बृजबाला राठौर,आरएस राठौर ,अशोक राठौर ,नीलांशु राठौर, संजू मित्र, मनीष राठौर आदि ने बधाई दी।

## खातेगांव, कन्नौद और सतवास के मूलनिवासियों का परिचय सम्मेलन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देवास जिले के खातेगांव, कन्नौद, सतवास तहसील के ब्राह्मण मूलनिवासियों का परिचय सम्मेलन इंदौर के बायपास स्थित बरसाना गार्डन में आज आयोजित किया जा रहा है। 450 प्रविष्टियां इसके लिए आई है। सम्मेलन से प्रद्युम्न दीक्षित, संजय परसाई, लखन तिवारी, डॉ. सुभाष जोशी जुड़े हुए हैं। इन तीन जिलों से जुड़े हुए लोग जो इंदौर में निवास कर रहे हैं उन्हें भी आज के सम्मेलन के लिए आमंत्रण किया गया था।

# व्हील चेयर परीक्षण और माप शिविर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



सक्षम मालवा प्रांत अध्यक्ष संतोष कुमार साबू ने बताया कि नियोमोशन मोटराइज्ड व्हील चेयर हेतु परीक्षण/माप शिविर का आयोजन हिन्दी साहित्य समिति में किया गया। इस नाप शिविर में 71 दिव्यांग बंधुओं का नाप एवं प्रशिक्षण हुआ। उक्त सभी दिव्यांग बंधु जो की 60% से 100% तक कमर के नीचे से दिव्यांग बंधु है, उन्होंने शिरकत की। शिविर करीब साढ़े सात घंटे चला। ई-साइकल नाप के बाद उनके साइज की बनाकर प्रदान की जाएगी। एक ई-साइकल की कीमत 1 लाख 15 हजार रु. है। आयोजन में संतोष साबू, रविन्द्र कोपरगांवकर, विश्वजीत सरमंडल, रवि विभूते, एपी नायडू, पूर्णिमा नायडू, संजय बदवाड़, श्री टेमले, दिलीप सामक, कैलाश शर्मा, अमित भामावत, माया, मीनाक्षी भावसार सहित अन्य मौजूद थे।

# कमर्शियल गैस टंकी किल्लत का दिखने लगा बड़ी होटल से लेकर ठेले पर पोहे - जलेबी बेचने वालों तक असर

## मूसाखेड़ी और पालदा औद्योगिक क्षेत्र की कई दुकानों पर 3 बढ़ा दिए कचोरी - समोसे के दाम , इधर,व्यापारी बोले 1800 वाली बड़ी कमर्शियल टंकी के ब्लैक में डबल से भी ज्यादा भाव, फिर भी नहीं मिल रही

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

युद्ध की वजह से देशभर के साथ इंदौर में भी बड़ी वाली कमर्शियल गैस टंकी की किल्लत और मारामारी का असर अब साफ दिखने लगा है। यही नहीं यह असर व्यापारियों से सीधे आम आदमी की जेब पर भी मंहगाई के रूप में साफतौर पर दिखने लगा है। मूसाखेड़ी और पालदा औद्योगिक क्षेत्र की ज्यादातर दुकान वालों ने कल से कचौरी - समोसे के दाम में 3 से 5 नग तक बढ़ा दिए है। जिससे अब हालत यह है कि 10 रूपए नग में बिकने वाले कचोरी - समोसे के दाम अब सीधे 13 से 15 रूपए प्रति नग हो गए है। जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है।

यही नहीं मालवामिल - पाटनीपुरा, छावनी और कुछ अन्य क्षेत्र के व्यापारी भी नमकीन कचोरी - समोसे के भाव बढ़ाने की तैयारी में है। इनका तर्क है कि बड़ी कमर्शियल टंकी जो पहले 1800 में आसानी से मिल रही थी। अब सप्लाई रोक के बाद बड़ी गैस टंकी के भाव ब्लैक में डबल से भी ज्यादा हो गए। यही नहीं उसके बाद भी बड़ी टंकी व्यापारीयों को हाथो - हाथ भी नहीं मिल रही है। इसका असर यह है कि पालदा मूसाखेड़ी क्षेत्र के ज्यादातर छोटे-बड़े दुकान वालों ने कचोरी - समोसे के भाव अपने हिसाब से 3 से 5 रुपए नग बढ़ा दिए है। यही नहीं जिसका सीधा असर ग्राहक की जेब पर भी पड़ेगा।

### 300 से ज्यादा ठेले पर कचोरी - समोसे बेचने वालों पर टंकी किल्लत का बड़ा असर

यही नहीं पालदा क्षेत्र में पोहा सेंटर के संचालक रोशनलाल गुर्जर, गणेश नाश्ता के भेरू गुर्जर, श्रीनाथ रेस्टोरेंट के लक्ष्मीनारायण पालीवाल, ब्यायाईजी चाय के सुरेश कुमावत ब्याईजी, भयंकर चाय के राकेश प्रजापत का कहना है कि गैस टंकी संकट के बीच




बड़ी गैस टंकी की सप्लाई पर रोक के बाद टंकी के भाव ब्लैक में मनमाने हो गए है। 1800 रुपए मिलने वाली बड़ी टंकी का भाव डबल से भी ज्यादा हो गया है। उसके बावजूद दिक्कत यह है कि 3 से 4 हजार में भी बड़ी टंकी आसानी से नहीं मिल रही है। जिसके कारण हालत यह है कि खान पान के शौकीन इंदौर शहर में 300 से ज्यादा ठेले पर कचोरी - समोसे बेचने वाले भाव बढ़ाने पर मजबूर है। इनका कहना है कि बड़ी कमर्शियल टंकी पर सरकार ने रोक लगा दी। जबकि छोटी टंकी रखने पर पहले से रोक के कारण घरेलू टंकी रखने वालों पर भी लगातार खाद्य विभाग कार्यवाही कर रहा है। ऐसे में व्यापारियों का यही कहना है कि गैस की किल्लत और डबल से भी ज्यादा महंगी हो जाने के बाद भी भाव नहीं बढ़ाएं तो अपना धंधा कैसे करें।

### इधर गैस - डीजल भट्टी की डिमांड बढ़ने से नहीं मिल रही बाजार में

यही नहीं इधर गैस टंकी संकट के बीच गैस और डीजल भट्टी की डिमांड बढ़ने से ये भी महंगी हो गई है, और आसानी से बाजार में नहीं मिल रही है। वहीं कचोरी - समोसे के भाव बढ़ने का सीधा असर ग्राहक की जेब पर पड़ेगा। इधर, दुकान वालों का कहना है कंपीटिशन के बावजूद हम पहले ही अपने ग्राहकों को 10 रूपए नग में ब्रेड बड़ा, कचौरी आलू बड़ा और समोसे दे रहे थे। वहीं अब गैस की किल्लत की वजह से 10 रूपए नग बिकने वाले कचोरी समोसे के भाव 12 से 15 रूपए नग करना पड़े। यही नहीं दूसरी तरफ छावनी सपना - संगीता क्षेत्र की दुकानों पर पहले से 18 से 20 रुपए नग बिकने वाले कचोरी समोसे भी अब 22 से 25 नग तक बिकने लगे है। वहीं इस महंगाई की मार का असर सीधे मध्यमवर्गीय ग्राहक की जेब पर पड़ रहा है।

# 22 मार्च को एमपी पीएससी की बड़ी परीक्षा, नकल रोकेंगे स्पेशल ऑब्जर्वर

## सरकारी इंजीनियर बनने के लिए 32 पदों पर देंगे ढाई हजार अभ्यर्थी एग्जाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सेट यानी स्टेट एलिजिबिलिटी 22 मार्च को होंगा। नकल रोकने के लिए इस बार स्पेशल ऑब्जर्वर तैनात होंगे। इस एग्जाम के साथ ही एमपी पीएससी की बड़ी परीक्षाओं की शुरुआत होने जा रही है। 32 पदों के लिए ढाई हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके बाद 31 दिसंबर तक तमाम बड़ी परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

### 27 अप्रैल से भूगोल विशेष के इंटरव्यू, 96 हैं पद

इधर, असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा 2024 के 1900 पदों पर इंटरव्यू का सिलसिला 15 मार्च से होगा। जीयोलॉजी के 15 पदों के साथ असिस्टेंट प्रोफेसर के प्रमुख विषयों के इंटरव्यू की भी शुरुआत होगी। फिर भूगोल के 96 पदों पर इंटरव्यू 27 अप्रैल से होंगे। इस तरह 10 बड़े इंटरव्यू 31 सितंबर तक होंगे। पीएससी के सामने 2025 की कई परीक्षाओं के इंटरव्यू करवाना बड़ी चुनौती है। फिलहाल वह 1832 पदों के मेडिकल ऑफिसर भर्ती के इंटरव्यू करवा रहा है। यह अप्रैल तक चलेंगे। बीच-बीच में पीएससी अन्य परीक्षाओं के भी इंटरव्यू होते जाएंगे।

6 मार्च को माइनिंग ऑफिसर के 85 पदों के लिए इंटरव्यू होने जा रहे हैं।15 मार्च को असिस्टेंट प्रोफेसर




भर्ती-2024 के जियोलॉजी विषय के 15 पदों के इंटरव्यू की शुरुआत। फिर बचे हुए 17 विषयों के इंटरव्यू भी 15 से 30 दिन के गैप में होते रहेंगे। असिस्टेंट मैनेजर के 68 पद, फूड सेफ्टी आफिसर के 123 पद के इंटरव्यू भी 31 सितंबर से पहले होंगे।

- आयुर्वेद मेडिकल आफिसर के 130, होम्योपैथ मेडिकल आफिसर के 34 व यूनानी मेडिकल आफिसर के 30 पदों के इंटरव्यू भी सितंबर माह में ही होने की संभावना है।

### यह भी बड़ी तैयारी

पीएससी की सबसे बड़ी परीक्षा 26 अप्रैल को है। 1 लाख 33 हजार अभ्यर्थी बैठेंगे।54 जिलों में सेंटर बनेंगे।

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 भी अभी होना बाकी है। मामला कोर्ट में है। यह परीक्षा जून में संभव है। इसमें 158 पदों के लिए 4600 से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। कोर्ट की अनुमति के बाद ही यह संभव होगा।

### स्टेट इंजीनियरिंग से आरंभ, अंत तक कई परीक्षाएं

- **22 मार्च को स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम के 32 पदों के लिए होगी परीक्षा।**
- **26 अप्रैल को 155 पदों के लिए राज्य सेवा प्री परीक्षा-2026 होगी।**
- **26 अप्रैल को 30 पदों के लिए वन सेवा प्री परीक्षा-2026 होगी।**
- **17 मई को यूनिवर्सिटी असिस्टेंट रजिस्ट्रार के 12 पदों के लिए होगी परीक्षा।**
- **जून में राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 संभव। (मामला कोर्ट में है। इस माह अनुमति मिली तो जून में परीक्षा संभव)**
- **12 जुलाई को 1239 पदों के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2025 का पहला चरण। 2 अगस्त को दूसरा व 30 अगस्त को तीसरा चरण होगा।**
- **7 से 12 सितंबर तक राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2026 होगी। वन सेवा मुख्य परीक्षा-2026, 27 सितंबर को होगी।**
- **20 सितंबर को 39 पदों के लिए असिस्टेंट टाउन प्लानर परीक्षा होगी।**

# शहर की पहली आदर्श रोड पर मिलने वाली है जाम से मुक्ति, मल्टी लेवल हाइड्रोलिक पार्किंग का 80 फ़ीसदी से ज्यादा काम पूरा

## पलासिया क्षेत्र में अगले माह निगम की बड़ी पार्किंग शुरू करने की तैयारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पलासिया क्षेत्र में ग्रेटर कैलाश मार्ग वाली शहर की पहली आदर्श रोड पर लंबे समय से निगम करोड़ों रुपए की लागत से क्षेत्र के लोगों के लिए आधुनिक सुविधाओं वाली मल्टीलेवल हाइड्रोलिक पार्किंग का निर्माण करवा रहा है। जिसका वर्तमान में लगभग 80 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। यही नहीं प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि हमारा प्रयास है कि अगले माह तक निर्माणधीन पार्किंग के बचे काम पूरे कर आने वाले दिनों में बेहद जल्द पलासिया क्षेत्र के व्यापारी और रहवासियों के लिए इस मल्टी लेवल पार्किंग को शुरू कर दें। जहां 150 फॉर व्हीलर गाड़ियां और नीचे तलघर में लगभग 150 टू व्हीलर गाडियां खड़ी करने की व्यवस्था वाली इस नवीन पार्किंग की शुरुआत कर जल्द यहां के लोगों को सौगात के रूप में देने की तैयारी है।

### आधुनिक मल्टीलेवल मशीनें और ट्राली इंस्टालेशन का चल रहा है काम

गौरतलब है कि पिछले दिनों महापौर पुष्यमित्र भार्गव और एमआईसी सदस्य राजेश उदावत सहित क्षेत्रीय पार्षद और निगम अधिकारियों ने यहां का दौरा भी किया था। वहीं पार्किंग निर्माण प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों का कहना है कि वर्तमान में यहां पार्किंग स्थल में हाइड्रोलिक मशीनों से गाड़ियों को उठाकर ऊपरी मंजिल तक चढ़ाने वाली लिफ्ट ट्राली निर्माण का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। इसके अलावा बचे काम भी इसी माह तक हर हाल में पूरा कर जल्द पार्किंग शुरू करने की तैयारी भी अब अंतिम दौर में चल रही है।

### 150 फोर व्हीलर और 150 टू व्हीलर पार्क करने की मिलेगी सुविधा

यही नहीं ग्रेटर कैलाश वाली आदर्श रोड पर आने वाले दिनों में नई आधुनिक सुविधाओं वाली मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि कि यहां 150 फोर व्हीलर गाड़ियां और लगभग इतनी ही टू व्हीलर गाड़ियां इस मल्टी लेवल पार्किंग में आसानी से खड़ी हो सकेगी। जिससे पलासिया क्षेत्र में आदर्श रोड से साकेत कॉर्नर तक ट्रैफिक का लोड भी घटेगा। साथ ही आदर्श रोड पर फुटपाथ पर मनाही के बावजूद चाहे जहां गाड़ियां खड़ी करने वाले लोग फुटपाथ पर गाड़ी खड़ी करने की बजाय निगम द्वारा निर्माणधीन नई पार्किंग में आराम से रखेंगे। जिससे मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति नहीं होगी।

## संपादकीय

# महिलाओं की मेहनत को समझना जरूरी, अदालत ने पूछा– क्या घर संभालना 'काम' नहीं है

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की 2021 की रपट बताती है कि विश्व में महिलाएं अवैतनिक घरेलू कार्यों के लिए कुल घंटों का 76 फीसद समय देती हैं। एशियाई देशों में यह आंकड़ा अस्सी फीसद से भी ज्यादा है। महिलाएं कामकाजी हों या गृहिणी, उनके श्रम का सम्मान उनके अस्तित्व की सहज स्वीकार्यता से जुड़ा है। हाल के वर्षों में कामकाजी स्त्रियों की उपस्थिति और आर्थिक भूमिका की स्वीकार्यता बढ़ी है। उनकी समस्याओं को समझने की सोच को बल मिला है। वहीं गृहिणियों के श्रम की अनदेखी से जुड़ी पारंपरिक सोच आज भी कायम है। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में कई न्यायिक निर्णयों में घरेलू महिलाओं की भूमिका को समझने और सम्मान देने की बात कही गई। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह महत्त्वपूर्ण टिप्पणी की कि गृहिणी को निष्क्रिय मानना घरेलू योगदान की गलत समझ को दर्शाता है। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि घरेलू संबंधों में पत्नी के योगदान के आर्थिक मूल्य को कानून में मान्यता दी जानी चाहिए। वर्ष 2012 में हुए विवाह से जुड़े मामले में पत्नी का आरोप था कि 2020 में पति ने उसे और नाबालिग बेटे को छोड़ दिया। निचली अदालत ने यह कहते हुए राहत देने से इनकार कर दिया था कि पत्नी शिक्षित और सक्षम है, लेकिन उसने नौकरी नहीं की। मगर इस मामले में हाईकोर्ट ने कहा कि कमाने की क्षमता और वास्तविक कमाई दो अलग बातें हैं। साथ ही भरण-पोषण के आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह भी जोड़ा कि 'गृहिणी' या 'होममेकर' का श्रम कमाने वाले जीवनसाथी को प्रभावी ढंग से काम करने में सक्षम बनाता है, इसलिए उसकी बेरोजगारी को आलस्य के बराबर मानना अन्यायपूर्ण है। ये टिप्पणियां स्त्री जीवन के उस आधारभूत पक्ष को संबोधित करती हैं, जिसकी अनदेखी की गई। जबकि स्त्रियों की इस भागीदारी में शारीरिक-मानसिक श्रम ही नहीं, भावनात्मक मोर्चे पर की गई मशक्कत भी होती है। बच्चों के पालन-पोषण से लेकर बुजुर्गों की संभाल तक संवेदना और संयम का यह परिश्रम हमारी पारिवारिक व्यवस्था को थामे हुए है। गृहिणी के रूप में अपने दायित्वों को संभालने वाली एक पूरी पीढ़ी आज की कामकाजी बहू-बेटियों के जीवन की बुनियाद बनाने वाली रही हैं। वैवाहिक जीवन में भी घरेलू जिम्मेदारियां उठाने वाली महिलाएं जीवनसाथी का जीवन आसान बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विचारणीय है कि मौद्रिक मूल्य न आंके जाने की वजह से महिलाओं की भूमिका के प्रति भेदभाव होता आया है। अपने घर की खेती-किसानी में हाथ बंटाने वाली महिला कृषक हो या सामाजिक-पारिवारिक रिश्तों को सहेजने में जीवन खपा देने वाली आम स्त्रियां, उनके योगदान की उपेक्षा का रवैया देश के हर हिस्से में रहा है। ऐसे में अदालत की यह टिप्पणी अहम हो जाती है कि कानून को केवल आय को ही नहीं, बल्कि विवाह के दौरान घर और पारिवारिक संबंधों में पत्नी के घरेलू श्रम के योगदान के आर्थिक मूल्य को भी मान्यता देनी चाहिए। न्यायालय ने यह भी कहा कि घरेलू कार्य, बच्चों की देखभाल और परिवार के समर्थन का भी आर्थिक मूल्य है, भले ही वह आयकर या बैंक विवरण में दर्ज न हो। इसीलिए कानून यह सुनिश्चित करे कि परिवार निर्माण में समय और श्रम का निवेश करने वाला जीवनसाथी असहाय न रह जाए। विडंबना है कि स्त्रियों की इस श्रमशील भूमिका के प्रति सम्मान का भाव आज भी नदारद है। यहां तक कि उनके अस्तित्व को ही नकार देने का भाव दिखता है। कुछ समय पहले उच्चतम न्यायालय ने भी कहा था कि गृहिणी का काम वेतन घर लाने वाली महिला से कम नहीं होता। परिवार में भले ही उसके योगदान का मौद्रिक आकलन नहीं किया जा सकता, पर अपनों की देखभाल करने वाली इस भूमिका का विशेष महत्त्व है। गौरतलब है कि 2006 में उत्तराखंड में हुई एक दुर्घटना में महिला की मौत हो गई थी। महिला जिस वाहन से यात्रा कर रही थी, उसका बीमा न होने की वजह से न्यायाधिकरण ने महिला के परिवार को ढाई लाख रुपए की क्षतिपूर्ति देने का फैसला किया था। दुखद पक्ष यह रहा कि महिला को मिलने वाली बीमा राशि को न्यायाधिकरण ने कम आंका, क्योंकि महिला गृहिणी थी। इसलिए मुआवजा जीवन प्रत्याशा और न्यूनतम अनुमानित आय पर तय किया गया था। केरल उच्च न्यायालय द्वारा भी केरल राज्य सड़क परिवहन निगम को एक सड़क हादसे में पीड़िता को इस आधार पर मुआवजा देने से इनकार करने पर फटकार लगाई जा चुकी है कि पीड़िता एक गृहिणी है। गृहिणी होने की वजह मुआवजे का पात्र नहीं माने जाने के तर्क को अदालत ने अपमानजनक और समझ के परे बताते हुए कहा था कि हादसे के लिए मुआवजा एक गृहिणी और कामकाजी महिला के लिए समान होना चाहिए।

# शादी समारोह, फ्लैट को चोरों ने बनाया निशाना

**इंदौर।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की कई वारदातें सामने आई हैं। बदमाशों ने मकानों, फ्लैट और एक शादी समारोह को निशाना बनाते हुए नगदी, जेवर और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांधीनगर थाना क्षेत्र में फरियादी ओमप्रकाश प्रजापत निवासी सी-स्पेशल गांधीनगर के घर में 12 मार्च को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच अज्ञात बदमाश पीछे का दरवाजा तोड़कर घुस गया और घर में रखे सोने-चांदी के जेवर व नगदी चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इसी तरह विजयनगर थाना क्षेत्र में सुबह करीब 7:30 से 7:40 बजे के बीच स्नेह प्लाजा स्थित फ्लैट नंबर 401 में घुसे एक युवक ने कमरे में सो रहे मानव पराये और उसके साथी का सामान चुरा लिया। बदमाश यहां से हर्ष लोधी का आसुस टफ एफ-15 कंपनी का लैपटॉप और फरियादी का आईफोन-16 प्लस लेकर फरार हो गया।

वहीं बाणगंगा थाना क्षेत्र में कालिंदी गोल्ड सिटी स्थित मकान नंबर 28 में देर रात अज्ञात बदमाश ताला तोड़कर घर में घुस गया और अलमारी से दो सोने की झुमकी, तीन सोने की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पायल तथा करीब 1 लाख 45 हजार रुपये नगद चोरी कर ले गया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 4 लाख रुपए बताई गई है। इसी क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान भी चोरी की वारदात हुई। हरीश कुमार झा 12 मार्च को न्यू विजयनगर गार्डन स्थित एक विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति उनका ग्रे-ब्लैक रंग का बैग चोरी कर ले गया, जिसमें करीब 4 लाख 80 हजार रुपए नगद तथा पर्स में रखे एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# बैडमिंटन अकादमी का बोर्ड काटकर गिराया

इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक बैडमिंटन अकादमी का बोर्ड काटकर नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक फरियादी दीपाली खमरोला निवासी एमआईजी ने शिकायत दर्ज कराई कि निपानिया रोड स्थित लैंड लाड कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर उनकी बालाजी बैडमिंटन अकादमी का बड़ा बोर्ड लगा हुआ था। पड़ोस की बिल्डिंग में रहने वाले अंकित जोशी और उसके साथियों ने बोर्ड को काटकर नीचे गिरा दिया। बोर्ड की कीमत करीब 1 से 1.5 लाख रुपए बताई गई है। फरियादी के अनुसार जब उन्होंने इस बारे में आरोपी से बात की तो उसने धमकी देते हुए कहा कि 'जो बनता है कर लो।' पुलिस ने अंकित जोशी और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्राम कोटवार पर ईंट से हमला, मामूली विवाद के बाद आरोपी ने सिर फोड़ा

**इन्दौर।** बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम काली बिल्लौद में ड्यूटी पर तैनात एक ग्राम कोटवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मामूली बात पर हुए विवाद के दौरान आरोपी ने कोटवार पर ईंट से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गए। पुलिस ने घायल की शिकायत पर गांव के ही एक युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी भेरू परमार, ग्राम काली बिल्लौद में कोटवार के पद पर कार्यरत हैं, उन्होंने शिकायत दर्ज कराई कि कल शाम वह सागर कुटी रोड की ओर जा रहे थे। रास्ते में राजेश जाधव की किराना दुकान के सामने उनका सामना गांव के ही पवन कीट से हो गया। आरोपी पवन ने कोटवार को देखते ही पुरानी किसी बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया और गालियां देने लगा। जब कोटवार ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गया और पास ही पड़ी ईंट उठाकर उनके सिर पर दे मारी। हमले में कोटवार का सिर फट गया और खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद कमलेश परमार और अन्य ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। जाते-जाते आरोपी ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी।

# कोर्ट केस में राजीनामा करने का दबाव, युवती को धमकी

**इन्दौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक युवती को कोर्ट में चल रहे पुराने मामले में राजीनामा करने के लिए आरोपियों द्वारा धमकाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने फोन पर युवती के साथ अभद्र व्यवहार किया और समझौता न करने पर उसे जान से खत्म करने की धमकी दी। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक 25 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर अरविंद जैन निवासी गंजबासौदा, विदिशा और रोहित उर्फ राजेश पंवार निवासी भागीरथपुरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसने पूर्व में इन दोनों आरोपियों के खिलाफ बाणगंगा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसकी विवेचना पूरी होने के बाद मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता का आरोप है कि अरविंद और रोहित ने उसके मोबाइल पर फोन कर अश्लील गालियां दीं जब उसने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने अलग-अलग आवाज में उसे डराते हुए कहा कि कोर्ट में चल रहे केस में वह बहुत ज्यादा पैरवी कर रही है। आरोपियों ने साफ लहजे में कहा कि यदि उसने केस में राजीनामा नहीं किया, तो वे उसे जान से मार देंगे। डर के कारण पीड़िता ने पुलिस की शरण ली। बाणगंगा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फोन कॉल रिकॉर्ड्स के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# मदद करना पड़ा भारी...

## लिफ्ट लेने वाले बदमाश ने युवक के बैग से उड़ाई दो सोने की चेन

**इन्दौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में इंसानियत दिखाकर लिफ्ट देना एक युवक को महंगा साबित हुआ। एक अज्ञात जालसाज ने रास्ते में लिफ्ट मांगी और बड़ी सफाई से युवक के बैग में रखे सोने के जेवरात पार कर दिए। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, नमन वाघेला निवासी महालक्ष्मी नगर ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी गाड़ी से जा रहे थे। सत्यसाईं चौराहे के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने हाथ देकर उनसे लिफ्ट मांगी। नमन ने उसे अपनी गाड़ी मे बैठा लिया। सफर के दौरान गाड़ी में बैठे बदमाश ने नमन के बैग की चेन धीरे से खोली और उसमें रखी दो सोने की चेन चोरी कर ली। आरोपी ने कुछ दूर जाने के बाद काम होने का बहाना बनाया और गाड़ी रुकवाकर उतर गया। नमन को उस वक्त जरा भी आभास नहीं हुआ कि उनके साथ चोरी हो चुकी है। घर पहुँचने पर जब उन्होंने अपना बैग संभाला, तो सोने की चेन गायब देख उनके होश उड़ गए। तत्काल विजयनगर थाने पहुँचकर मामले की सूचना दी गई। विजयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी का हुलिया साफ हो सके।

# श्रवण-बाधित पेशेवरों और सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर्स के लिए प्रशिक्षण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रवण-बाधित पेशेवरों तथा सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर्स के लिए भारत का प्रथम भौतिक 40-घंटे का मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। पाँच दिवसीय यह गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से तथा उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। यह पहल न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा, न्यायमूर्ति श्री विवेक रूसिया के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई है। कार्यक्रम का उद्घाटन न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला द्वारा किया गया।

# बल्लेबाजों को लय में नहीं आने देते बुमराह, पाक क्रिकेटर भी हुआ फैन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज आकिब जावेद ने गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि बुमराह की गेंदबाजी ऐसी है कि बल्लेबाजों को कभी भी रिदम में आने का मौका ही नहीं मिलता।

पाकिस्तान क्रिकेट के सीनियर चयनकर्ता और पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद ने शनिवार को कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का गेंदबाजी एक्शन अनोखा है, जो बल्लेबाजों को लय में नहीं आने देता। लेकिन उन्होंने अजीब तरीके से इस भारतीय गेंदबाज की तुलना 'मिस्ट्री स्पिनर' उस्मान तारिक से कर दी जो हाल ही में हुए टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। उम्मीद थी कि उस्मान विश्व कप में विरोधी बल्लेबाजों को परेशान करेंगे लेकिन पाकिस्तानी स्पिनर के लिए यह टूर्नामेंट काफी फीका रहा क्योंकि टीम सुपर आठ चरण से ही बाहर हो गई और सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच पाई।




## बुमराह की उस्मान से की तुलना

वहीं भारत के मुख्य गेंदबाज बुमराह ने सेमीफाइनल और फाइनल में शानदार प्रदर्शन से टीम को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। उस्मान के औसत से कम प्रदर्शन का बचाव करते हुए आकिब ने कहा, आप इस पूरे टी20 विश्व कप को देखें तो इसमें सिर्फ एक ही गेंदबाज है, बुमराह जिसके खिलाफ अब रन भी बन रहे हैं। क्योंकि उनका एक्शन सामान्य नहीं है और उनका गेंदबाजी एक्शन अलग तरह का है इसलिए वह बल्लेबाजों को लय में नहीं आने नहीं देता। मैं तो कहूंगा कि वह तेज गेंदबाजी के उस्मान तारिक हैं।

## प्रथम रोमानियन चेस सॉल्विंग कप



**इंदौर।** प्रथम रोमानियन चेस सॉल्विंग कप का सफल आयोजन इंदौर पब्लिक स्कूल में सफलतापूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता की अवधि 2.5 घंटे रही। यह विश्व स्तर की प्रतियोगिता है, जिसमें प्रतिभागियों को 14 शतरंज पहेलियां (पजल्स) हल करने के लिए दी गईं। इन सभी पजल्स के लिए कुल 70 अंक निर्धारित थे। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों की कैलकुलेशन क्षमता, विश्लेषणात्मक सोच तथा समस्या समाधान कौशल को विकसित करना है। शतरंज की पहेलियां हल करने से खिलाड़ियों की रणनीतिक सोच, एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता भी मजबूत होती है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन इंटरनेशनल मास्टर अक्षत खम्परिया तथा ऑल इंदौर चैस एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल फतेहचंदानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम समन्वयक, डॉ. सुनील सोमानी, अभिषेक गुप्ता, विवेक विश्वकर्मा ने प्रथम रोमानियन चेस सॉल्विंग कप का सफल संचालन किया।



# सोहम पटवर्धन के आक्रामक शतकीय पारी से देव्ज एकेडमी की शानदार जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में आयसीसी द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में देव्ज एकेडमी एवं एसवीसीए के मध्य खेला गया, जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 173 रन बनाए। सोहम पटवर्धन ने 9 चौके व 2 छक्के की मदद से आक्रामक 100 रन बनाए । रिषभ वैद्य ने 3 विकेट लिए । जवाब में एसवीसीए की टीम 20 ओवरों में 6 विकेट पर 111 रन ही बना पाई और यह मैच 62 रनों से हार गई । मोहित पटेल ने 2 विकेट लिए।



## एमकेसीसी की विशाल जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमकेसीसी एवं जय गिरनारी के मध्य खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 4 विकेट खोकर 202 रनों का विशाल स्कोर खडा किया । अभिषेक मावी ने 7 चौके व 7 छक्को की मदद से आक्रामक 94 रन एवं वर्चस्व मुंगड ने 43 रन बनाए। जवाब में जय गिरनारी कीटीम 14 ओवरो में 89 रनों पर सिमट गई और यह मैच 116 रनों के विशाल अंतर से हार गई । शिवराज पंवार ने 3 विकेट व अंश नागोरी व मोहनीश पाटीदार ने 2-2 विकेट लिए।

## *एकेसीए की आसान जीत*

*इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एसएलएफ एवं एकेसीए के मध्य खेला गया जिसमें एसएलएफ ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 9 विकेट पर 118 रन बनाये। अक्षत बुन्देला ने 49 रन बनाये। हर्षित आदित्य व गौतम ने 2-2 विकेट लिए । जवाब में एकेसीए की टीम ने 15 ओवरो में 4 विकेट खोकर 119 रन बनाकर यह मैच 6 विकेट से जीत लिया । अथर्व जोशी ने 37 रन एवं गौतम जोशी ने 31 रन बनाये। युवराज पंवार ने 2 विकेट लिये ।*

# युवती को भेजे अश्लील वीडियो विरोध करने पर धमकाया

**इन्दौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में आरोपी द्वारा एक युवती को मोबाइल पर अश्लील कंटेंट भेजकर प्रताड़ित और धमकी दी गई।पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 19 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि अभिषेक ठाकुर निवासी गुरुशंकर नगर उसे पिछले कुछ समय से परेशान कर रहा है। आरोपी ने पीड़िता के मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो भेजे। जब पीड़िता ने इस पर आपत्ति जताई और विरोध किया, तो आरोपी अभिषेक ने अपनी हदें पार करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दे डाली।

## व्हील चेयर तलवारबाजी प्रशिक्षण शिविर लगेगा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पैरा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से व्हीलचेयर तलवारबाजी निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन तिलक नगर स्कूल में किया जाएगा। शिविर में दिव्यांग खिलाड़ियों को फेंसिंग की तकनीक और प्रतियोगिता की तैयारी कराई जाएगी। कोच मास्टर सईद आलम विशेष प्रशिक्षण देंगे। मनीष आर्य ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी 9926268683 पर संपर्क कर सकते हैं।

# यूटीटी सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा प्रारंभ, दिग्गज टीमों ने की जोरदार शुरुआत

**इंदौर।** टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा यूटीटी 87वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अंतर राज्य टेबल टेनिस स्पर्धा उत्साहपूर्ण माहौल में आरंभ हुई। स्पर्धा में खेले गए टीम मुकाबलों के आरंभिक दौर में पुरुष टीम वर्ग में रेल्व स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, गुजरात व महिला टीम वर्ग में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, ऑल इंडिया रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, प.बंगाल, महाराष्ट्र, दिल्ली की टीमें अपने प्रारभिक मुकाबलें जीतकर अगले दौर में पहुंची। मेजबान मध्य प्रदेश ने ग्रुप लीग मुकाबलों का अपना पहला मैच जीत लिया। अभय प्रशाल में खेली जा रही राष्ट्रीय स्पर्धा के टीम मुकाबलों में पुरुष वर्ग में आरएसपीबी ने राजस्थान को 3-1 से, तमिलनाडु ने छत्तीसगढ को 3-0 से, आंध्रप्रदेश ने नागालैंड को 3-0 से, गुजरात ने सिक्किम को 3-0 से, मध्य प्रदेश ने जम्मू कश्मीर को 3-0 से, प.बंगाल ने उत्तराखंड को 3-1 से, ओडिसा ने हिमाचल प्रदेश को 3-0 से, दिल्ली ने मणीपुर को 3-0 से, उत्तर प्रदेश ने केरल को 3-0 से, हरियाणा ने दमन और दीव को 3-2 से, आसाम ने मेघालय को 3-0 से, महाराष्ट्र ने गोवा को 3-0 से, कर्नाटक ने चंडीगढ को 3-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। महिला टीम वर्ग में पीएसपीबी ने गोवा को 3-0 से, आरबीआई ने हिमाचल प्रदेश को 3-0 से, तमिलनाडु ने मेघालय को 3-0 से, आंध्रप्रदेश ने झारखंड को 3-0 से, महाराष्ट्र ने राजस्थान को 3-0 से, दिल्ली ने पंजाब को 3-0 से आसम ने पोंडीचेरी को 3-0 से, केरल ने बिहार को 3-0 से, उत्तर प्रदेश ने उत्तराखंड को 3-0 से, गुजरात ने नागालैंड को 3-0 से, पं.बंगाल ने छत्तीसगढ को 3-0 से, उत्तराखंड ने जम्मू कश्मीर को 3-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। स्पर्धा का शुभारंभ मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजीव कालेगांवकर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी ने की। इस अवसर पर मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, अर्जुन अवार्डी पद्मश्री शरत कमल, जयेश आचार्य, एन.गणेशन, मेसीमो कोस्टेंटीनी, प्रमोद सोनी, रिंकु आचार्य, प्रमोद गंगराडे, अतुल नंदा, नीलेश वेद विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गौरव पटेल ने किया व आभार अमित कोटिया ने व्यक्त किया।

# यहां कोई चैरिटी लीग खेलने नहीं आया है : दास

**ढाका।** लिटन दास का कहना है कि यह एक इंटरनेशनल मैच है, जो नियमों के अंतरगत होगा उनकी टीम वह करेगी, यहां कोई चैरिटी लीग खेलने नहीं आया है। सलमान आगा ने रनआउट होने के बाद मैदान पर अपना गुस्सा जाहिर किया था, जिसके बाद लिटन दास भी भड़क गए थे। बांग्लादेश वर्सेस पाकिस्तान दूसरे वनडे के दौरान सलमान आगा के विवादित रन आउट ने सुर्खियां बटोरी हुई है। इस बीच बांग्लादेश के प्लेयर लिटन दास ने मैदान के बाहर भी अपना गुस्सा जाहिर किया है। लिटन दास का कहना है कि यह एक इंटरनेशनल मैच है, जो नियमों के अंतरगत होगा उनकी टीम वह करेगी, यहां कोई चैरिटी लीग खेलने नहीं आया है। सलमान आगा ने रनआउट होने के बाद मैदान पर अपना गुस्सा जाहिर किया था, जिसके बाद लिटन दास भी भड़क गए थे।

हालांकि मोहम्मद रिजवान ने उन्हें शांत करा दिया था। लिटन दास ने मैच के बाद कहा, सबसे पहली बात, कोई भी यहां चैरिटी लीग खेलने नहीं आया था, यह एक इंटरनेशनल मैच है। उन्होंने आगे कहा, चूंकि यह आउट नियमों के दायरे में है, इसलिए मुझे किसी भी एंगल से ऐसा नहीं लगता कि खेल भावना से कोई समझौता हुआ है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that **STRATVISION LEARNING AND CONSULTANCY LLP (LLPIN: ACM-5000)** proposes to convert into **STRATVISION LEARNING AND CONSULTANCY PRIVATE LIMITED** under the Companies Act, 2013. Any person having objection may send the same in writing to the registered office of the LLP within 21 days from the date of publication of this notice.

**For-STRATVISION LEARNING AND CONSULTANCY LLP**

**Designated Partners**
**Abhishek Pratap Singh**
**Ankit Verma**

# बड़ी जीत की लय को आगे भी बनाए रखेंगी टीम इंडिया : रोहित



**मुंबई ।** पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को उम्मीद जताई कि भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें हाल के वर्षों में मिली बड़ी जीत की लय को आगे भी बनाए रखेंगी और देश के लिए और उपलब्धियां हासिल करेंगी।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और वनडे टीम के मौजूदा ओपनर रोहित शर्मा ने उम्मीद जताई कि भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें हाल के वर्षों में मिली बड़ी जीत की लय को आगे भी बनाए रखेंगी। रोहित शर्मा को भरोसा है कि भारत की टीमें देश के लिए और उपलब्धियां हासिल करेंगी। भारत ने पिछले कुछ सालों में आईसीसी टूर्नामेंटों में लगातार सफलता हासिल की है। 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीता। इसके बाद 2025 की शुरुआत में भारत ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में महिला टीम ने पहली बार आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीता। इसी साल महिला अंडर-19 टीम ने भी आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप अपने नाम किया।

भारत की 2026 की शुरुआत भी शानदार रही। भारत ने रिकॉर्ड छठी बार आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीता, जबकि सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में सीनियर टीम ने रिकॉर्ड तीसरी बार आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अपने नाम किया। रोहित ने मुंबई में एक कार्यक्रम में कहा कि पिछले कुछ सालों में भारतीय क्रिकेट टीमों की उपलब्धियां देखकर उन्हें बहुत गर्व होता है। उन्होंने कहा कि पुरुष टीम के साथ-साथ महिला टीम का विश्व कप जीतना भी शानदार पल था।

टी20 मुंबई लीग के मुख्य चेहरे रोहित शर्मा ने यहां पुरुषों के लिए चौथे और महिलाओं के लिए पहले चरण की घोषणा के दौरान कहा, पिछले कुछ वर्षों से हम जो कुछ भी देख रहे हैं, उसे देखकर मुझे बहुत खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। शानदार प्रदर्शन करना और जो हमने हासिल किया है, उसे पाना, न सिर्फ पुरुष टीम ने, बल्कि महिला टीम ने भी (नवी) मुंबई में विश्व कप जीतकर जो कमाल किया, उसे देखना वाकई शानदार था। मुंबई के इस खिलाड़ी ने उम्मीद जताई कि भारत के खाते में अभी और भी वैश्विक खिताब आने बाकी हैं।

# कुंबले ने की श्रेयस के कप्तानी कौशल की तारीफ

## वे इस सीजन भी करेंगे कमाल

**नई दिल्ली।** पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले ने श्रेयस अय्यर के कप्तानी कौशल की तारीफ की है। पंजाब किंग्स के कप्तान के तौर पर अय्यर का ये दूसरा सीजन होगा। पिछली बार उन्होंने टीम को फाइनल तक का सफर तय कराया था।

टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले ने इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल 2026 से पहले श्रेयस अय्यर की कैप्टेंसी स्किल्स की तारीफ की है। आईपीएल में वे बतौर कप्तान एक खिताब जीत चुके हैं, जबकि तीन टीमों को वे फाइनल तक पहुंचा चुके हैं। पंजाब किंग्स यानी पीबीकेएस के साथ उनका ये दूसरा सीजन कप्तान के तौर पर होगा। पिछले ही सीजन में वे इस टीम से जुड़े थे और फाइनल में भी टीम को पहुंचाया था। कुंबले इस बात से बहुत इम्प्रेस हुए कि अय्यर ने कोलकाता नाइट राइडर्स यानी केकेआर को कैसे 2024 में टाइटल जिताया था और फिर अगले



सीजन में पंजाब के लिए खेलते हुए फाइनल में पहुंचाया था। केकेआर ने अपने कप्तान को ही रिटेन नहीं किया था।

अनिल कुंबले ने कहा, श्रेयस अय्यर पक्का एक अंडररेटेड कप्तान हैं। एक फ्रेंचाइजी के साथ ट्रॉफी जीतना और फिर दूसरी फ्रेंचाइजी में जाना आसान नहीं है। एक अलग मैनेजमेंट, माहौल और टीम होती है। प्रेशर भी अलग होता है। जिस नई फ्रेंचाइजी में वह शामिल हुए थे, वह पिछले 10 सालों से फाइनल में नहीं खेली थी और पंजाब किंग्स के साथ अपने पहले ही सीजन में, वह उन्हें फाइनल में ले गए। मैं सिर्फ उनकी कप्तानी से ही नहीं, बल्कि जिस तरह से उन्होंने टीम को आगे बढ़कर लीड किया, उससे भी इम्प्रेस हुआ। कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं, जिन्हें हर बार खुद को साबित करना होता है। श्रेयस ऐसे ही हैं। अच्छा परफॉर्म करने के बाद भी सवाल उठते हैं। मुझे लगता है कि उन्हें अंडररेटेड किया गया है, लेकिन वह एक बहुत अच्छे लीडर हैं।

केकेआर ने आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले श्रेयस अय्यर को रिलीज कर दिया था। इसके बाद पंजाब किंग्स ने उन पर बड़ा दांव खेला और उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीद लिया। तुरंत ही उन्हें कप्तान बनाने की घोषणा पीबीकेएस ने कर दी। कप्तान के तौर पर उनका सीजन भी अच्छा रहा, क्योंकि टीम फाइनल में पहुंची। बल्लेबाज के तौर पर 50 से ज्यादा के औसत और 175 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से श्रेय अय्यर ने 604 रन आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के लिए बनाए। हालांकि, टीम को फाइनल में आरसीबी से हार मिली थी।

श्रेयस अय्यर ने उस टीम की कप्तानी की थी, जिसमें एक या दो नहीं, बल्कि कई युवा चेहरे थे और वे प्लेइंग इलेवन का भी हिस्सा थे। अब पंजाब किंग्स आईपीएल 2026 में अपने कैंपेन की शुरुआत 31 मार्च को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में करेगी। टीम को उम्मीद है कि वह अपने पिछले सीजन से बेहतर प्रदर्शन करेगी और इस बार ट्रॉफी भी उठाएगी।

# अब तक 31 लोगों को मिल चुका है कर्नल सीके नायडू अवार्ड

**नई दिल्ली।** कर्नल सी. के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा उन व्यक्तियों को दिया जाने वाला एक पुरस्कार है, जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में बेमिसाल योगदान दिया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने 2026 के सालाना नमन अवार्ड की घोषणा कर दी है। पूर्व भारतीय खिलाड़ी राहुल द्रविड़, जिन्होंने टीम इंडिया की कप्तानी और कोचिंग भी की है उन्हें और पूर्व क्रिकेटर व बीसीसीआई प्रसिडेंट रोजर बिन्नी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। द्रविड़ और बिन्नी यह अवॉर्ड पाने वाले क्रमशः 32वें और 33वें पूर्व खिलाड़ी बनेंगे। इससे पहले 31 भारतीय खिलाड़ियों को इस अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। 1994 में पहली बार इस अवॉर्ड से लाला अमरनाथ को सम्मानित किया गया था, वहीं आखिरी बार 2024 में यह अवॉर्ड 'क्रिकेट के भगवान' कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर को मिला था।



### किसे दिया जाता है कर्नल सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

कर्नल सी. के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा उन व्यक्तियों को दिया जाने वाला एक पुरस्कार है, जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में बेमिसाल योगदान दिया है। यह बीसीसीआई द्वारा किसी पूर्व खिलाड़ी को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है और इसे क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक माना जाता है। इस पुरस्कार में एक ट्रॉफी, एक प्रशस्ति पत्र और 25 लाख रुपए का नकद पुरस्कार शामिल है। इस पुरस्कार का नाम कर्नल सी. के. नायडू (1895–1967) के नाम पर रखा गया है। वे भारत के पहले टेस्ट क्रिकेट कप्तान थे और उन्हें व्यापक रूप से 'भारत का पहला क्रिकेट सुपरस्टार' माना जाता है। उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर 1916 से 1963 तक 47 वर्षों से भी अधिक समय तक चला — जो एक विश्व रिकॉर्ड है।

# किस्मत के भरोसे बैटिंग करते हैं वैभव सूर्यवंशी: उथ्थपा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथ्थपा ने वैभव सूर्यवंशी के भविष्य को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने वैभव की तारीफ करते हुए उन्हें शानदार खिलाड़ी जरूर बताया है, लेकिन इसी तकनीक से अगर खेलते रहे तो भविष्य को लेकर चिंता भी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि वे किस्समत के भरोसे खेलते हैं।

वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे हैं। पिछले सीजन राजस्थान रॉयल्स की टीम में डेब्यू करने वाले वैभव सूर्यवंशी अब लगभग किसी भी पहचान के मोहताज नहीं रह गए हैं। आईपीएल में शतक जड़कर उन्होंने दिखा दिया था कि वे किस कैलीबर के प्लेयर हैं। उन्होंने आईपीएल



2025 में 200 से अधिक की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की थी। इतना ही नहीं, वैभव ने साल 2026 में संपन्न हुए अंडर-19 विश्व कप में भी कमाल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 80 गेंदों में 175 रनों की दमदार पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने भारत को फाइनल मुकाबले में एकतरफा जीत दिलाई थी, क्योंकि स्कोरबोर्ड पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 400 से अधिक का स्कोर लग गया था।

वैभव सूर्यवंशी हैं तो महज 14 साल के लिए उनके लंबे-लंबे छक्के बताते हैं कि वे कितने बिग हिटर हैं और आगे चलकर क्रिकेट में क्या कर सकते हैं। वैभव ने कई मौकों पर खुद की प्रतिभा को साबित किया है। हालांकि, उनके डिफेंस पर और तकनीक पर अभी भी कई क्रिकेट पंडित और दिग्गज क्रिकेटर आश्वस्त नहीं हो रहे हैं। इस सिलसिले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथ्थपा ने वैभव सूर्यवंशी के भविष्य को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने वैभव की तारीफ करते हुए उन्हें शानदार खिलाड़ी जरूर बताया है, लेकिन इसी तकनीक से अगर खेलते रहे तो भविष्य को लेकर चिंता भी जाहिर की है।

# एकेसीए की रोमांचक जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एसवीसीए द्वारा आयोजित एसवीसीए टी-20 स्पर्धा के अंतर्गत दूधिया रोशनी में एकेसीए एवं सीसीआय के मध्य मैच खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 6 विकेट खोकर 129 रन बनाए। प्रथम संकट ने 35 रन बनाए। हर्षित चाटर्जी ने 3 विकेट लिए । जवाब में एकेसीए की टीम ने 17 ओवरो में 6 विकेट खोकर 135 रन बना लिए और यह मैच 4 विकेट से रोमांचक अंदाज में जीत लिया । निकुंज जैन ने आक्रामक 42 रन बनाये।



### उज्जैन में केबल बिछाते समय हादसा

# इंदौर के युवक की करंट लगने से मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

अपनी रोजी-रोटी के लिए इंदौर से उज्जैन काम करने गए एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। नीलगंगा थाना क्षेत्र में बिजली के केबल डालने का काम करते समय युवक पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट का झटका इतना तेज था कि वह ऊंचाई से सीधे जमीन पर आ गिरा। साथियों ने उसे बचाने की हरसंभव कोशिश की लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

मृतक की पहचान मनीष पिता खूबसिंह (21), निवासी कृष्ण बाग कॉलोनी इंदौर के रूप में हुई है। मनीष अपने साथी हरिओम और हनुमान के साथ केबल फिटिंग के प्रोजेक्ट पर उज्जैन गया था। बताते है कि मनीष सीढ़ी के सहारे ऊपर चढ़कर तारों को व्यवस्थित कर रहा था, तभी अचानक उसका हाथ चालू बिजली लाइन से स्पर्श हो गया और वह झटका लगने के बाद नीचे जा गिरा। हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मनीष को अचेत अवस्था में देख उसके साथी उसे उठाकर अस्पताल की ओर दौड़े। हालांकि, करंट और ऊंचाई से गिरने के कारण आई अंदरूनी चोटों की वजह से उसने रास्ते में ही प्राण त्याग दिए।

# आर्थिक तंगी से परेशान टेलर ने की खुदकुशी

**इन्दौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि युवक पेशे से टेलर था और पिछले काफी समय से गंभीर आर्थिक तंगी के कारण मानसिक तनाव में चल रहा था।

मृतक की पहचान आकाश पिता नरेंद्र (32), निवासी एमआईजी कॉलोनी के रूप में हुई है। आकाश टेलरिंग का काम करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि काम-धंधे में आ रही दिक्कतों और बढ़ती आर्थिक परेशानियों की वजह से वह पिछले कुछ समय से काफी परेशान रहने लगा था। इसी तनाव के चलते उसने घर में फांसी लगा ली।मामले में एमआईजी पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# बाइक से गिरकर युवक की मौत

**इन्दौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में सांवेर रोड पर एक सड़क हादसे में युवक की जान चली गई। युवक अपनी बाइक से जा रहा था, तभी वह अचानक असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ा। गंभीर चोट आने के कारण अस्पताल में उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया।**

मृतक की पहचान पूनमचंद पिता मोहन (30) निवासी राम नगर बाणगंगा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पूनमचंद पेशे से ठेकेदार था। बताया जा रहा है कि कल वह अपनी बाइक से सांवेर रोड स्थित मौनी बाबा आश्रम के पास से गुजर रहा था, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर जा गिरा। हादसे के वक्त युवक के नशे में होने की बात भी सामने आ रही है, जिसके चलते वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। घटना के तुरंत बाद राहगीरों की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बाणगंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एक ही थाना में दूसरे दिन जिलाबदर



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

एमआईजी पुलिस ने एक दिन पहले भी जिलाबदर की कार्रवाई की थी और कल फिर साजिद पिता इस्लाम खान निवासी कृष्णबाग कालोनी को जिलाबदर के आदेश कर क्षेत्र में लाउडस्पीकर से मुनादी की गई। आरोपी साजिद खान को और उनके परिजनों को तत्काल साजिद के आदेश बताए और नियम पालन के निर्देश भी पुलिस ने दिए।

# कार में हो रही थी शराब तस्करी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** झाबुआ रोड से गुजरात बार्डर पर अवैध शराब कार के माध्यम से भेजना चाहते थे। जूनी इंदौर पुलिस ने 20 पेटी महंगी अवैध अंग्रेजी शराब 21 लाख 61 हजार रु. की कार सहित जब्त की। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि स्कार्पियो टावर चौराहा से सिंधी कालोनी जा रही है और वहां से वह गुजरात के लिए नकलेगी, कार की चैकिंग की और पुलिस ने कैलाश निवासी साकेत नगर और प्रकाश निवासी भोपाल होना बताया। स्कार्पियों की कीमत 20 लाख रु. और शराब की कीमत 1 लाख 61 हजार रु. बताई गई। पुलिस ने आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।



# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

## बैतूल के युवक पर केस दर्ज

**इन्दौर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर एक युवती का शारीरिक शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी ने पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसाकर शादी का वादा किया और लंबे समय तक दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, 31 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी पहचान कपिल गलफट निवासी ग्राम सिरडी जिला बैतूल, हाल मुकाम शिवाशिष अपार्टमेंट, शिव सिटी से हुई थी। कपिल ने उसे शादी का भरोसा दिलाया और अपने घर पर बुलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी लगातार शादी का वादा दोहराते हुए पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म करता रहा। जब पीड़िता ने उस पर शादी करने के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया और साफ इनकार कर दिया। खुद को ठगा महसूस कर पीड़िता ने थाने पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। राजेंद्र नगर पुलिस ने आरोपी कपिल के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# एमडी ड्रग्स के साथ आरोपी गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को प्रतिबंधित नशीले पदार्थ एमडी ड्रग्स.के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।**

सदर बाजार पुलिस की टीम क्षेत्र के हॉट स्पॉट और शेडो एरिया में संदिग्धों की तलाशी ले रही थी। इसी दौरान टीम को गणेश मंदिर के पीछे खाली मैदान में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में अकेला बैठा दिखाई दिया। पुलिस को



देख युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर उसे रोक लिया गया। पकड़े गए युवक की पहचान रेहान हुसैन निवासी एरोड्रम के रूप में हुई। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से एक पारदर्शी पॉलिथीन की जिप-पैक थैली मिली। थैली के अंदर मटमैले सफेद और ब्राउन रंग का पाउडरनुमा पदार्थ भरा था। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि वह प्रतिबंधित एमडी ड्रग्स है।सदर बाजार पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ को विधिवत जप्त कर आरोपी रेहान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी यह ड्रग्स कहाँ से लाया था और शहर में किन-किन लोगों को सप्लाई करने वाला था।

# भाई की शादी के लिए कामवाली ने की थी चोरी

## 2.5 लाख के जेवर बरामद

**इन्दौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के नंदा नगर में घरेलू सहायिका द्वारा चोरी की वारदात का पुलिस ने मात्र 8 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने 18 वर्षीय युवती को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किए गए करीब ढाई लाख रुपये कीमत के सोने के आभूषण बरामद किए हैं। पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आरोपी ने अपने भाई की शादी के खर्च के लिए इस वारदात को अंजाम दिया था।

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि नंदा नगर निवासी दीपक पंचोली ने दो दिन पहले घर से जेवर गायब होने की शिकायत दर्ज कराई थी। चोरी गए सामान में दो सोने के मंगलसूत्र पेंडेंट, एक मांग टीका, एक सोने की चेन, छह



मोती और कान की बालियां शामिल थीं। फरियादी ने घर में काम पर आई युवती ममता कुशवाह पर संदेह जताया था कि उसने ऊपरी मंजिल की सफाई के दौरान मौका पाकर जेवर पार कर दिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी आर.डी. कानवा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने भागीरथपुरा और आसपास के इलाकों में लगातार 8 घंटे तक सर्च अभियान चलाया और संदेही ममता कुशवाह (18) को हिरासत में लिया। सघन पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ममता ने बताया कि उसके भाई की जल्द ही शादी होने वाली है। परिवार को पैसों की सख्त जरूरत थी, इसलिए जब उसने घर में काम के दौरान जेवर देखे, तो उसकी नीयत डोल गई और उसने चोरी की योजना बना ली। पुलिस ने आरोपी के पास से शत-प्रतिशत आभूषण बरामद कर लिए हैं। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि क्या आरोपी पहले भी किसी अन्य स्थान पर इस तरह की घटना में शामिल रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।